JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग


केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

वर्ष : 66 ● अंक: 49 ● श्रीगंगानगर, सोमवार, 06.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ : 6



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 20 |
| न्यूनतम | : 05 |
| हवा में नमी | : 215 |

# कोरोना जैसे चीनी वायरस का भारत में तीसरा केस मिला

» कर्नाटक में 8 महीने, 3 महीने के दो बच्चे संक्रमित » गुजरात में 2 महीने का बच्चा पॉजिटिव



जनमार्ग न्यूज


**बेंगलुरु।** चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी का भारत में तीसरा केस मिल गया है। अहमदाबाद में 2 महीने का बच्चा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित पाया गया। इससे पहले, सोमवार को ही कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यही वायरस मिला था। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि बच्चे रुटीन जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया कि बच्चों के सैंपल निजी अस्पताल में जांचे गए और उन्होंने सरकारी लैब में जांच नहीं कराई। वहीं गुजरात के ऑरेंज हॉस्पिटल के डॉ. नीरव पटेल ने कहा कि, अहमदाबाद में दो महीने के बच्चे की तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले उसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरुआत में उसे पांच दिनों तक वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई कई जांचों में बच्चे के वायरस से संक्रमित होने की बात सामने आई। वायरस के लक्षण कोविड जैसे, छोटे बच्चों पर सबसे ज्यादा असर एचएमपीवी वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र सरकार ने कहा था कि एचएमपीवी इस मौसम में सामान्य वायरस चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी। हालांकि भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक की थी।

## वॉक पर निकले युवक की हार्ट अटैक से मौत

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर में हार्ट अटैक से मौत के 2 चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। रविवार को पार्क में वॉक कर रहे प्रदीप गुर्जर (35) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं, शनिवार-रविवार की रात नींद में साइलेंट अटैक आने से यतींद्र जाटोलिया (23) की मौत हो गई थी। दोनों ही मामले मानसरोवर इलाके के हैं। रविवार को हुई घटना शिप्रापथ थाना इलाके की एसएफएस कॉलोनी के सेक्टर 5 में सुबह 7.30 बजे की है। स्थानीय निवासी हरी सिंह बताया कि रविवार सुबह टोंक के रहने वाले प्रदीप गुर्जर (35) पार्क में घूम रहे थे। वह घूमने के बाद पार्क में रखी हुई बैंच पर बैठे। इसके बाद जमीन पर गिर गए। अचानक हुई घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया। करीब 30 मिनट बाद एक निजी अस्पताल की एम्बुलेंस आई। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने प्रदीप को मृतक घोषित कर दिया। इसी दौरान प्रदीप के मोबाइल पर उसकी पत्नी का फोन आया। उन्हें बता दिया था कि प्रदीप की तबीयत खराब है। प्रदीप की पत्नी ने बताया कि वह किसी काम से टोंक आई हुई है। कुछ समय में वह जयपुर पहुंच रही है। प्रदीप जयपुर में एसएफएस कॉलोनी में रहते थे, वे सुबह अकेले ही वॉक पर निकले थे। रोज वॉक के कारण पार्क में आने वाले लोग प्रदीप को जानते थे।

## चंडीगढ़ में गिरी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग



● नजदीक डीसी ऑफिस और शोरूम

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में सोमवार सुबह 7 बजे मल्टीस्टोरी बिल्डिंग गिर गई। यह बिल्डिंग काफी समय से खाली थी। हालांकि हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। प्रशासन के अधिकारी खुद मौके पर मौजूद हैं। इसके पास ही डीसी ऑफिस और नामी शोरूम स्थित है। जानकारी के मुताबिक यह बिल्डिंग करीब 1970 में बनी थी। यह बिल्डिंग शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित है। लोगों के मुताबिक ये बिल्डिंग 5 मंजिला थी। उन्होंने बताया कि जब यह बिल्डिंग गिरी तो ऐसा लगा जैसे कोई कोई ब्लास्ट हुआ हो। कुछ समय के लिए दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया बिल्डिंग में करीब 2 महीने से कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। इससे इमारत में दरारें आ गई थीं। जैसे ही मामला प्रशासन के ध्यान में आया था तो उसके बाद 27 दिसंबर को बिल्डिंग को सील कर दिया गया था।

## पीएम मोदी ने किया जम्मू रेल डिवीजन का उद्घाटन

● जम्मू होगा देश का 69वां रेल डिवीजन

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जम्मू के नए रेलवे डिवीजन और तेलंगाना में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। पीएम ने ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव, उनके विचार हमें समृद्ध और सशक्त भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं सभी को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव की शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क 1000 किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। आज यहां तेलंगाना, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर के लिए न्यू एज कनेक्टिविटी की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। यह दर्शाता है कि अब पूरा देश कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास मंत्र विकसित भारत के सपने में विश्वास के रंग भर रहा है। जम्मू देश का 69वां डिवीजन होगा। अब तक यह उत्तर रेलवे जोन के फिरोजपुर में आता था।

## बुद्ध एयर के प्लेन में लगी आग

जनमार्ग न्यूज



**काठमांडू।** नेपाल में बुद्ध एयर के एक विमान के बाएं इंजन में आग लगने के बाद काठमांडू में त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वीओआर लैंडिंग या मैनुअल लैंडिंग की गई। विमान में क्रू मेंबर समेत 76 लोग सवार थे। इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नेपाल सरकार की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बुद्धा एयर के एक प्लेन के बाएं इंजन में आग लगने की वजह से राजधानी काठमांडू से 43 किलोमीटर पूर्व में पहुंच गया।

## नशा तस्करों से 2.900 ग्राम डोडा पोस्त बरामद

❏ गिलावाली रोड पर नाकाबंदी के समय की कार्रवाई

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 2.900 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। डीएसपी प्रशांत कौशिक के नेतृत्व में यह कार्रवाई बांडा से गिलावाली रोड पर की गई। एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने गांव बांडा से गिलावाली रोड पर नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान एसआई सरदार सिंह मीणा और उनकी पुलिस टीम उक्त रोड पर खड़े थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर 2.900 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय गुरप्रीत के रूप में हुई है, जो वर्तमान में बांडा में रह रहा है और मूल रूप से वार्ड नंबर 6, रायसिंहनगर का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान का खतरा



**वॉशिंगटन (जनमार्ग न्यूज)।** अमेरिका में रविवार को भीषण बर्फीला तूफान की वजह से कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है। हालात देखते हुए अमेरिका के 7 राज्य केंटकी, वर्जीनिया, वेस्ट वर्जीनिया, कंसास, अर्कासस और मिसौरी में इमरजेंसी लगा दी गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यूएस नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इस तूफान से अमेरिका के 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन प्रभावित होगा।

## कार से टक्कर के बाद पलटी पिकअप

● हादसे में पति-पत्नी घायल
● दस साल की बच्ची सुरक्षित बची

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे 911 पर रविवार शाम को गांव 6 पी के पास एक कार और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप हाईवे पर पलट गई, जबकि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सड़क से उतर गई। इस हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए, जबकि उनकी 10 वर्षीय बच्ची पूरी तरह से सुरक्षित रही। पिकअप ड्राइवर को भी मामूली चोटें आईं। जैसे ही दोनों वाहनों की टक्कर हुई, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने दोनों वाहनों से घायलों को निकालकर निजी वाहन से अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही हेड कॉन्स्टेबल सज्जन सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। घायल कार ड्राइवर खाजूवाला निवासी योगेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि वह अपनी पत्नी रचना और 10 वर्षीय बेटी के साथ रायसिंहनगर से खाजूवाला जा रहे थे। जैसे ही वह गांव 6 पी के पास पहुंचे, सामने से आ रही पिकअप अचानक उनकी कार से टकरा गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप पलट गई। हादसे में योगेंद्र और उनकी पत्नी रचना को गंभीर अंदरूनी चोटें आई और फ्रैक्चर हुआ, जबकि उनकी बच्ची और पिकअप में सवार दोनों युवक सुरक्षित रहे। पिकअप ड्राइवर साहिल निवासी सूरतगढ़ को भी मामूली चोटें आई। घटना की सूचना मिलने पर अनूपगढ़ पुलिस भी सरकारी अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। हेड कॉन्स्टेबल सज्जन सिंह ने बताया कि पिकअप के नेशनल हाईवे पर पलट जाने के कारण दोनों ओर यातायात बाधित हो गया था।

## राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट जारी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी और मौसमी बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग से जारी अलर्ट में कोविड, स्वाइन फ्लू और इन्फ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से ओपीडी और आईपीडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोविड के केस मिलने पर उनके सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर की ओर से जारी इस पत्र में सभी सीएमएचओ, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, हॉस्पिटलों के अधीक्षक और जिला हॉस्पिटल के पीएमओ को निर्देश दिए हैं। निदेशक की ओर से जारी पत्र में बताया कि जनवरी 2024 से मार्च तक राजस्थान में स्वाइन फ्लू और कोविड के 921 केस डिटेक्ट हुए थे।

## राजस्थान के 41 जिलों में मिलेंगे नए जिलाध्यक्ष

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान भाजपा में संगठन चुनाव तेजी से चल रहे हैं। 9 जनवरी तक 41 जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इससे पहले बूथ समितियों के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद मंडल अध्यक्षों की प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। पार्टी मुख्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने के लिए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जा चुका है। जिलाध्यक्षों के बाद प्रदेशाध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होगी। बाद में कार्यकारिणी बनेगी। इसके बाद पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने आगामी बजट को लेकर कहा कि सरकार ने पहले बजट में चुनावी घोषणाओं को शामिल करते हुए उन्हें पूरा करने का काम किया है। संकल्प पत्र के करीब 50 फीसदी वादों को पूरा कर दिया और शेष पर काम चल रहा है। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट गत सरकार में भी व्यवस्थित रूप से कार्य नहीं कर पाए।

## राजस्थान में 4 संभागों में हो सकती है बारिश

● 10 से 12 जनवरी के बीच बदलेगा मौसम

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान एक बार फिर कोहरे की चादर ओढ़े रहा। सोमवार सुबह जयपुर, कोटा, अलवर, दौसा, भरतपुर, अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर सहित कई जिलों में विजिबिलिटी काफी कम रही। विजिबिलिटी कम होने से हाईवे पर गाड़ियां रेंगती रहीं। जयपुर का नाहरगढ़, आमेर किला धुंध में छुप गए। रविवार को जयपुर, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर, करौली समेत अधिकांश जिलों में दिन का तापमान 3 से लेकर 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। आज (सोमवार) भी जयपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के 19 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर में मौसम का रंग। सोमवार सुबह जयपुर में काफी देर तक धुंध ने सूरज का रास्ता रोका। मौसम विशेषज्ञों ने मकर संक्रांति से पहले राजस्थान में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के प्रभाव से 10 से 12 जनवरी के बीच जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग के जिलों में बादल छाएंगे। कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ समेत पूर्वी राजस्थान के जिलों में घना कोहरा रहा। इस कारण इन शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राज्य में कल गंगानगर में सबसे ठंडा दिन रहा, जहां दिन का अधिकतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोहरे के कारण यहां सुबह से लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। दिन में हवा चली और कड़के की सर्दी रही। हनुमानगढ़ जिले में भी कल अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में कल अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरकर 20.7 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनूं) में 21.2, चूरू में 22.2, धौलपुर में 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## बीरमाना में पीएनबी का एटीएम उखाड़ा



● नहर के किनारे मिला कटा हुआ एटीएम

**बीरमाना।** गांव बीरमाना में लगे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को उखाड़ ले गए। घटना रात लगभग 2.00 बजे हुई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैंक के एटीएम से 4 लाख, 95 हजार छह सौ रुपए चोरी हुए बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एटीएम में 6 लाख रुपये डाले गए थे। पिछले 2 वर्ष से दो बार एटीएम से चोरी करने का प्रयास हो चुका था, लेकिन पिछली दोनों बार वह असफल रहे थे। इस बार एटीएम को उखाड़ कर ले जाने में कामयाब रहे। घटना की जानकारी मिलते ही राजियासर पुलिस और बैंक कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चोरी का पता लगाने का प्रयास शुरू किया। वहीं छत्तरगढ़ रोड पर 465 आरडी के पास नहर किनारे एटीएम को काट करके पैसे निकाल करके कर एटीएम मशीन को फेंक गए। बैंक मैनेजर ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना कर दी पुलिस चोरों को ढूंढने का प्रयास में लगी हुई है।

सम्पादकीय

## विदेश मंत्रालय का विरोध

पिछले कुछ समय से भारत और चीन के बीच जब से संवाद की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ी है, तब से यह माना जाने लगा है कि कड़वाहट और टकराव के लंबे दौर से आगे निकलते हुए अब दोनों देशों के बीच संबंध पटरी पर आ सकते हैं। खासतौर पर सीमा पर शांति के मुद्दे पर जिस स्तर की सहमति बनी और उस ओर कदम उठाए जाने के भी संकेत आए, तब यह उम्मीद बंधी कि शायद जटिल मसलों के दीर्घकालिक समाधान की राह खुल सकती है। मगर औपचारिक बैठकों के बरक्स जमीनी स्तर पर हर थोड़े समय के बाद चीन की ओर से कोई न कोई ऐसी गतिविधि शुरू हो जाती है, जिससे उसकी मंशा का पता चलता है। खासतौर पर सीमा पर पांव पसारने को लेकर चीन इस हद तक सक्रिय दिखता है, जो किसी अन्य देश की संप्रभुता के लिहाज से संवेदनशील हो सकता है। सवाल है कि अगर चीन भारत के साथ संबंधों को सहज बनाने और जटिल मसलों के हल के लिए संवाद स्थापित करने की प्रक्रिया की ओर ब?ना चाहता है, तो जमीनी स्तर पर उसकी गतिविधियां इससे उलट क्यों दिखती हैं। दरअसल, हाल में चीन के दो फैसलों ने भारत के सामने यह चिंता पैदा कर दी है कि अगर ऐसा वास्तव में होता है तब चीन से उम्मीद करने की क्या सूरत बचेगी और पहले से ही जटिल मसले और किस दिशा की ओर बढेंगे। गौरतलब है कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों पर प्रकारांतर से अधिकार जताते हुए दो नए प्रशासनिक काउंटी बनाने का एकतरफा फैसला लिया है। यह एक तरह से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ है, जिसका आपसी संबंधों पर दूरगामी असर पड़ सकता है। स्वाभाविक ही भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन के फैसले पर 'अवैध कब्जे' का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराया है। मंत्रालय की ओर से यह साफ शब्दों में कहा गया है कि हालांकि चीन के नए काउंटी बनाने से न तो क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा, न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी। जाहिर है, भारत का पक्ष इस मसले पर बिल्कुल स्पष्ट है।

# नए साल में बेहतर होगी अर्थव्यवस्था

2024 में शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही। विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थ विशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

यकीनन वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों के द्वारा नए वर्ष 2025 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक नया वर्ष 2025 भारत के लिए उजली आर्थिक संभावनाओं वाला वर्ष होगा। नए वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था बीते वर्ष 2024 से मिली आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ेगी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होगी। यदि हम नए वर्ष 2025 को बीते वर्ष 2024 से मिलने वाली आर्थिक विरासत को देखें तो पाते हैं कि इस विरासत में जहां कई चुनौतियां हैं, वहीं विकास के कई मजबूत आर्थिक आधार भी हैं। यद्यपि बीते वर्ष की शुरुआत 8 फीसदी विकास दर के साथ हुई थी, लेकिन बीते वर्ष की जुलाई से सितंबर की तिमाही में महज 5.4 फीसदी की विकास दर के कारण कई आर्थिक गणित गड़बड़ा गए। बीते वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया महंगाई तथा रोजगार चिंताजनक मुद्दे रहे हैं।

महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग अधिकांश महीनों में बनी रहीं। खासतौर से नवंबर 2024 के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढ़ने लगी और महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित दायरे से बाहर रही। बीते वर्ष में यद्यपि शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। विदेश व्यापार घाटा भी बढ़ा। रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा। वर्षभर डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत घटती गई और दिसंबर 2024 में डॉलर के मुकाबले रुपया लुढ़ककर 85 से भी नीचे के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2024 में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही। विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थ विशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

खासतौर से सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फुड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में तेज विकास होगा। इससे रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई देंगे। नए वर्ष 2025 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही सोना-चांदी के भावों की नई उड़ान भी दिखाई देगी। गौरतलब है कि नए वर्ष 2025 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे नए वर्ष में देश अधिक लाभांवित होगा। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष



2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निश्चित रूप से नए वर्ष में देश के कोने-कोने में मेक इन इंडिया अभियान की शक्ति बढ़ेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य भी उभरकर दिखाई देगा। देश में चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिलते हुए दिखाई देंगे। निःसंदेह नए वर्ष 2025 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन, खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को बीते हुए वर्ष से जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे नए वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ेगी, ग्रामीण इलाकों में खपत भी बढ़ेगी। देश में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.22 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल का अधिक उत्पादन हुआ है। गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन 1132.92 लाख टन और चावल का उत्पादन 1378.25 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। यह अनुमान किया गया है कि सरकार की नई कृषि विकास रणनीति से नए वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नए वर्ष 2025 में भारत में कर संग्रह में तेज वृद्धि होगी। उद्योग-कारोबार में बेहतरी से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढ़कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.28 आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए वर्ष में दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। इससे बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ेगी। सरकार की मुट्ठियों में बढ़ता कर राजस्व अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करेगा।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए वर्ष में निर्यात और विदेशी निवेश की संभावना बढ़ेगी। सरकार की वित्तीय नियंत्रण की नीतियों से नए वर्ष 2025 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहते हुए दिखाई देगा। हम उम्मीद करें कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका द्वारा चीन पर भारी व्यापार प्रतिबंधों की संभावना से भारत के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश बनने की संभावना बढ़ेगी। नए वर्ष में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी और कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के द्वारा आर्थिक और वित्तीय सुधारों, कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। नए वर्ष में भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर होगी और इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, नए वर्ष में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा और ऐसे तेज आर्थिक विकास से देश के आम आदमी के चेहरे पर भी आर्थिक मुस्कुराहट बढ़ेगी।

## महाकुम्भ को प्रदूषण मुक्त करने का अनूठा अभियान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और प्रदूषण मुक्त करने के लिए अनूठा अभियान चलाया जा रहा है। संघ ने इसके लिए एक थाली-एक थैला अभियान शुरू किया है। 45 दिन के महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में वहां भोजन आदि से 40 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलने की भी संभावना है। संघ का कहना है कि तीर्थयात्रियों के पास तक एक थाली और थैला पहुंचाया जाएगा तो महाकुंभ में कचरे को कम किया जा सकता है। एक थाली एक थैला अभियान चलाने के पीछे संघ की सोच है कि श्रद्धालुओं को डिस्पोजल बर्तनों में भोजन न करना पड़े। महाकुंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहयोगी संस्था अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की तरफ से आस्था के इस मेले में एक थाली एक थैला अभियान की देशभर में सराहना की जा रही है। महाकुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं और संस्थाओं को स्टील की थाली व कपड़े से बने हुए थैले बांटे जा रहे हैं। संघ से जुड़े संगठन की तरफ से पूरे मेला क्षेत्र में अभियान चला कर 20 लाख से ज्यादा थालियां और करीब इतने ही थैले बांटे जाने हैं। यह थालियां और थैले देशभर से इकट्ठे किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने थैले और थाली का यह अभियान इसलिए चलाया है ताकि स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री कुंभ की परिकल्पना साकार हो सके। गतिविधि से जुड़े हुए पदाधिकारियों के मुताबिक यूपी की योगी सरकार ने महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री के तौर पर आयोजित करने का फैसला किया है। इसी के तहत महाकुंभ क्षेत्र में कपड़े के थैले बांटे जा रहे हैं। कपड़े के थैले होने पर लोग प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचेंगे, वहीं थाली साथ होने पर लोग



उसे ही धोकर इस्तेमाल करेंगे। इसका एक बड़ा लाभ यह होगा कि कचरा इधर-उधर लोग नहीं फेंकेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कि यह मुहिम खासी चर्चा में है। लोग इस मुहिम की जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे सफल बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प ले रहे हैं। कचरा पूरी दुनिया के लिए एक वैश्विक समस्या है। भारत की बात करें तो आज घर-घर में प्लास्टिक ने अपना कब्जा जमा लिया है। कचरा में प्लास्टिक सबसे खतरनाक माना जाता है। प्लास्टिक कचरा से हर देश परेशान है। सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद हमारा फ्री प्लास्टिक का सपना पूरा नहीं हो रहा है और इसका एक मात्र कारण इसका सस्ता, टिकाऊ और हल्का होना है। पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के बाद भी इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। हर जगह पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। किराना सामान खरीदना हो या फिर सब्जी, फल हों या अन्य सामग्री, हर जगह अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग की जा रही है। पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान प्लास्टिक कचरा से पहुंचता है। वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है। दुनिया भर में अरबों प्लास्टिक के बैग हर साल फेंके जाते हैं। ये प्लास्टिक बैग नालियों के प्रवाह को रोकते हैं और आगे बढ़ते हुए वे नदियों और महासागरों तक पहुंचते हैं। चूंकि प्लास्टिक स्वाभाविक रूप से विघटित नहीं होता है इसलिए यह प्रतिकूल तरीके से नदियों, महासागरों आदि के जीवन और पर्यावरण को प्रभावित करता है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण लाखों पशु और पक्षी मारे जाते हैं जो पर्यावरण संतुलन के मामले में एक अत्यंत चिंताजनक पहलू है।

आज हर जगह प्लास्टिक दिखता है जो पर्यावरण को दूषित कर रहा है। जहां कहीं प्लास्टिक पाए जाते हैं वहां पृथ्वी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है और जमीन के नीचे दबे दाने वाले बीज अंकुरित नहीं होते हैं तो भूमि बंजर हो जाती है। प्लास्टिक नालियों को रोकता है और पॉलीथीन का ढेर वातावरण को प्रदूषित करता है। चूंकि हम बचे खाद्य पदार्थों को पॉलीथिन में लपेट कर फेंकते हैं तो पशु उन्हें ऐसे ही खा लेते हैं जिससे जानवरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यहां तक कि उनकी मौत का कारण भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महाकुम्भ को प्लास्टिक फ्री करने का अभियान निश्चय ही देशवासियों के समक्ष एक प्रेरणादायी उदहारण है। देश में लाखों की संख्या में सामाजिक संस्थाएं है जिन्हें संघ से प्रेरणा लेकर देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मिलजुलकर प्रयास करने चाहिए।

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा


व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हजार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढने और उनमें कमियां व खूबियां खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की करें कोशिश

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

# क्या चीन में फैला एचएमपीवी वायरस बनेगा महामारी

**कोरोना** महामारी के 5 साल बाद चीन में फिर से एक रेस्पिरेटरी डिजीज सामने आई है। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) है। सोशल मीडिया पर खबरें वायरल हो रही हैं कि चीन में एचएमपीवी इस कदर कहर बरपा रहा है कि पेशेंट्स के लिए बेड कम पड़ रहे हैं। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस वायरस से निपटने के लिए कुछ प्रोटोकॉल लागू किए हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक आपातकाल की कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है। इस खबर के बाद पूरी दुनिया एचएमपीवी से डर रही है क्योंकि कोविड के दौरान भी शुरुआत में इसी तरह मामले सामने आए थे और धीरे-धीरे इस बीमारी ने महामारी का रूप ले लिया था। एचएमपीवी एक आरएनए वायरस है, जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। इससे खांसी या गले में घरघराहट हो सकती है। नाक बह सकती है या गले में खराश हो सकती है। इसका जोखिम ठंड के मौसम में ज्यादा होता है। एचएमपीवी वायरस खांसने और छींकने से फैलता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, वायरस से संक्रमित किसी वस्तु को छूने से भी यह फैल सकता है। इसके लक्षण संक्रमित होने के बाद 3 से 5 दिनों में दिखने लगते हैं। इसका सबसे कॉमन लक्षण खांसी और बुखार है। शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य वायरल जैसे ही दिखते हैं, लेकिन वायरस का असर अगर ज्यादा है तो निमोनिया और ब्रोंकाइटिस होने का खतरा भी हो सकता है। एचएमपीवी के बारे में यह कहना जल्दबाजी है। यह सच है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया पर इस बारे में खूब चर्चा हो रही है कि चीन में एक नई महामारी आ गई है। कुछ लोग तो यहां तक दावा कर रहे हैं कि चीन असल स्थिति को छुपा रहा है। मान लीजिए कि एचएमपीवी वायरस चीन में फैल रहा है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए मुश्किल भी पैदा कर रहा है। इसके बावजूद स्थितियां इतनी



खराब नहीं हुई हैं कि चीनी सरकार या विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बारे में कोई अलर्ट जारी करे। इसलिए हमें हड़बड़ाने की बजाय किसी ऑफिशियल स्टेटमेंट का इंतजार करना चाहिए। एचएमपीवी वायरस और कोरोना वायरस दोनों अलग फैमिली का हिस्सा हैं। इसके बावजूद इनमें कई चीजें मेल खाती हैं। दोनों वायरस मुख्य रूप से श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। दोनों वायरस सांस और दूषित सतह के संपर्क से फैलते हैं। दोनों वायरस के लक्षण एक जैसे हैं। इनमें बुखार, खांसी, गले में खराश, घरघराहट और सांस लेने में तकलीफ होती है। दोनों वायरस से सबसे अधिक खतरा बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को होता है। दोनों वायरस में बचाव के लिए हाथ साफ रखना, मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग महत्वपूर्ण उपाय हैं। यह कोई नया वायरस नहीं है। पिछले साल भी चीन में इसके फैलने की खबर आई थी। साल 2023 में नीदरलैंड, ब्रिटेन, फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में भी इस वायरस का पता चला था। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, सबसे पहले नीदरलैंड में साल 2001 में इसका पता लगाया गया था। हालांकि इसे कम-से-कम 50 साल पुराना वायरस माना जाता है। एचएमपीवी वायरस के लिए अभी तक कोई एंटीवायरल दवा नहीं बनी है। हालांकि, ज्यादातर लोगों पर इसका बहुत सामान्य असर होता है। इसलिए घर पर रहकर ही इसके लक्षणों को मैनेज किया जा सकता है। जिन लोगों में गंभीर लक्षण विकसित होते हैं, उन्हें ऑक्सीजन थेरेपी, आईवी ड्रिप और कॉर्टिकास्टेरॉइड (स्टेरॉयड्स का एक रूप) दिए जाते हैं। इस वायरस से निपटने के लिए अभी तक कोई वैक्सीन विकसित नहीं की गई है। असल में एचएमपीवी वायरस के कारण अभी तक ऐसी स्थितियां नहीं बनी हैं कि इसके लिए कोई वैक्सीन बनाने की जरूरत पड़े। एचएमपीवी वायरस को लेकर पैनिक करने की जरूरत नहीं है। भारत सरकार इसे लेकर निगरानी कर रही है। चीन का पड़ोसी देश होने के चलते भारत सरकार पहले ही सतर्क है। ज्यादातर सीनियर डॉक्टर कह रहे हैं कि उन्हें भारत में एचएमपीवी के कारण किसी गंभीर स्थिति की आशंका नहीं दिख रही है। चीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि फ्लू के मौसम को देखते हुए स्थिति असामान्य नहीं है। एचएमपीवी इस मौसम में फैलने वाला सामान्य वायरस है। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। चीन में विदेश यात्रा को लेकर सवाल उठने पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि सर्दियों के मौसम में श्वसन नली में संक्रमण के मामले अधिक सामने आते हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल रेस्पिरेटरी डिजीज कम गंभीर हैं और कम पैमाने पर फैल रही हैं। चीन की यात्रा करना सुरक्षित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अभी तक चीन में फैल रहे एचएमपीवी वायरस को लेकर कोई अपडेट नहीं जारी किया है। हालांकि, चीन के पड़ोसी देशों ने डब्ल्यूएचओ से इस बारे में सही अपडेट जारी करने की मांग की है। इसे लेकर किसी गंभीर स्थिति की आशंका नहीं है। यहां पर मेटान्यूमोवायरस एक नॉर्मल रेस्पिरेटरी वायरस है। इससे जुकाम और फ्लू जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
JANMARG news
जनमार्ग
श्रीगंगानगर, सोमवार, 06 जनवरी 2025


# हमें अपनी योग्यता और गुणों के आधार पर पहचाना जाना चाहिए: अनुपमा

## सृजन सेवा संस्थान के मासिक कार्यक्रम 'लेखक से मिलिए' आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वरिष्ठ साहित्यकार अनुपमा तिवाड़ी (जयपुर) ने कहा है कि मैंने ब्राह्मण के घर जन्म लिया, इसमें मेरा क्या योगदान है। मैं किसी दलित के घर भी जन्म ले लेती तो मेरा कोई दोष थोड़ा ही होता। भला जिसमें हमारा कोई योगदान ही नहीं है, फिर उस जाति पर दंभ करने का क्या औचित्य है? हमें अपनी योग्यता और गुणों के आधार पर पहचाना जाना चाहिए, न कि जाति और धर्म के नाम पर।

वे रविवार को सृजन सेवा संस्थान के मासिक कार्यक्रम 'लेखक से मिलिए' की 124वीं कड़ी में जवाहरनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर में बतौर लेखक संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आरंभ में उन्हें भी अपने परिवार से ऐसे ही संस्कार मिले थे, मैं भी अपने ब्राह्मण होने पर बहुत गर्व करती थी, लेकिन धीरे-धीरे समझ आया कि इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। मेरा योगदान तो मेरे कार्य और मेरी योग्यता से ही इस समाज को मिल पाएगा। वही मेरी पहचान होगा।

उन्होंने स्त्री विमर्श पर आधारित अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कोचिंग के दबाव को लेकर उन्होंने अपनी एक कहानी भी पढ़ी। स्त्री को केंद्र में रखकर उन्होंने बहुत मार्मिक और संवेदनाओं को झकझोरने वाली कविताएं सुनाई। उनकी एक कविता थी- कभी मत पालना यह भ्रम/ कि तुम देवी हो,/ तुम शक्तिस्वरूपा हो,/ तुम रोक सकती हो मौत को भी।/ यदि ऐसा होता तो/ तुम, बलात्कार रोक पातीं/परंतु,/ ऐसा नहीं हुआ न!




विशिष्ट अतिथि के रूप में सादुलशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण सहगल ने स्वीकार किया कि साहित्य का उन पर बहुत कर्ज है। वे यह कर्ज कभी उतार भी नहीं पाएंगे। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज की पीढ़ी साहित्य पढने से दूर होती जा रही है। हमें इस दिशा में प्रयास करने होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी एवं सृजन के संरक्षक विजयकुमार गोयल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में स्त्री को बराबरी का दर्जा मिलता है। यहां स्त्री का पूरा सम्मान है। उन्होंने कहा कि साहित्य के लिए यहां के लोग सजगता से काम कर रहे हैं, यह हमारे लिए खुशी की बात है।

इससे पहले, सृजन के सचिव कृष्णकुमार 'आशु' ने अनुपमा तिवाड़ी का परिचय दिया। संचालन अरुण 'उर्मेश' ने किया। आभार अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' ने व्यक्त किया। इस मौके पर राजू गोस्वामी, बनवारीलाल वर्मा, आनंद मायासुत, राकेश जग्गा, सुरेश कनवाडि?ा, हरविंद्रसिंह, अरुण खामख्वाह, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, डॉ. ओपी तिवाड़ी, मोहन दादरवाल, श्रीकृष्ण जालप, सुरेंद्र सुंदरम्, राजकुमार सिंगल, मनीराम सेतिया, ओमाराम बैगड़, सुमन कटारिया, सुषमा गुप्ता, आशाराम भार्गव, गौरीशंकर बंसल, सुरेंद्रकुमार, अनिल धूड़िया, ममता पुरी, सतीश शर्मा, मीनाक्षी आहुजा, हरइकबालसिंह, गौरीशंकर गणेशगढ़िया, ऋतुसिंह, वृंदासिंह, प्रेमलता, डॉ. राजकुमार कबीर, दीपक गंगानगरी एवं सुशीला पेंसिया सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

**अनुपमा तिवाड़ी को सृजन साहित्य सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान अनुपमा तिवाड़ी को उनके साहित्य में दिए गए योगदान पर सृजन साहित्य सम्मान अर्पित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष विजय गोयल, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीनारायण सहगल, मीनाक्षी आहुजा एवं सृजन अध्यक्ष अरुण शहैरिया ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, सम्मान प्रतीक एवं पुस्तक भेंट करके सम्मानित किया।

# फेंके नहीं हमें दें,बिना पहचान बताए पालना गृह में छोड़ जाएं




जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** जाट क्लब सूरतगढ ने सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के तहत कार्य करते हुए जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार राजकीय चिकित्सालय सूरतगढ में पालनाग्रह का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि तहसीलदार कुलदीप कस्वा, ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर मनोज कुमार अग्रवाल, एस. के. सिहाग, आयकर निरीक्षक रामकृष्ण जाखड़, गायनी विशेषज्ञ डा.मांगीलाल लेघा, डा. दीपेश सोनी, ने संयूक्त रूप से फीता काटकर अनावरण किया गया। ब्लॉक सी एम एच ओ डा. मनोज अग्रवाल ने बताया नवजात को छोड़ने वाले की पहचान पुर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी और किसी तरह की पुछताछ नहीं की जाएगी व बच्चें को उचित समय पर बाल सम्प्रेष्ण गृह श्री गंगानगर भिजवाया जाएगा और उचित रूप से बच्चें की देखभाल की जाएगी । इस अवसर पर जाट क्लब अध्यक्ष विनोद भाम्भू , भंवरलाल गोदारा, चेतराम सिहाग, उपाध्यक्ष अनिल गोदारा, दलीप भादू ,भगवानाराम गोदारा, सुभाष भादू, कृष्णलाल झुरिया, मनोज राव, चेतराम झोरड़ सहित लोंग मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण गऊशाला में सवामणी गुड़ की सेवा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री हनुमान राम नाटक समिति ( रजि.),श्री गंगानगर ने दिव्य रामलीला-2024 के सभी के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न होने पर 6 एल.एन.पी. (कुंडलावाला )में स्थित श्री कृष्ण गौशाला में समिति के पदाधिकारियों ने आज दोपहर बाद ढाई ( 2.30 ) बजे गुड़ की सवा-मणि की सेवा की 7 इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ओम असीजा, सचिव राज जनवेजा, संरक्षक बनवारी लाल रंगबुल्ला, निर्देशक राम चंद खुराना, श्रीमती वीना चौहान,बी.एस.चौहान,टीकम चंद गर्ग, संहसचिव रविन्द्र मिड्ढा, रामलीला मंचन प्रभारी मनीष असीजा, संयुक्त व्यापार मंडल के महासचिव अमित चुघ ( रोमी ), रक्तदानी समाजसेवी गौरव धींगड़ा , रामलीला समिति के युवा अध्यक्ष व संयुक्त व्यापार मंडल के सचिव निश्चय जनवेजा उपस्थित थे। 6एलएनपी ( कुंडलावाला ) गौशाला समिति ने रामलीला समिति का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी समय समय पर इस गौशाला में सेवा करते रहने का आह्वान किया। सचिव राज जनवेजा व रामलीला मंचन प्रभारी मनीष असीजा ने गऊशाला के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि समिति भविष्य में गऊशाला में सेवा करने का प्रयास करती रहेगी। रामलीला समिति के अध्यक्ष ओम असीजा ने गऊशाला की प्रबंध समिति के इस पुनीत कार्य करने के जज्बे की मुख्यत कंठ से प्रशंसा की। गऊ माता की सेवा करने का सौभाग्य , सौभाग्यशाली को ही मिलता है।



# आज शाम सजाया जाएगा कीर्तन दीवान

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिख कौम के दशम गुरु साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 358वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार शाम को जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में सांय 8 बजे से रात 9.30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा, जिसमें श्री दरबार साहिब मुक्तसर साहिब के हुजूरी रागी जत्था भाई हरजिंदर सिंह शबद कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। गुरुद्वारा प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि इनसे पहले गुरुद्वारा साहिब के हुजूरी कथावाचक भाई संतोख सिंह व रागी जत्था भाई हरविंदर सिंह हीरा भी कथा-कीर्तन द्वारा गुरु जस महिमा का गुणगान करेंगे। समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

# राज्य स्तरीय मूट मीट में विभिन्न गतिविधियां करवाई

## विश्व स्काउट आंदोलन की जानकारी दी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के मैसेंजर ऑफ पीस राजस्थान यूथ कमेटी के सदस्य जिला कॉओर्डिनेटर अंग्रेज सिंह एवं लोकल कॉओर्डिनेटर कुलदीप शर्मा ने गत दिनों पुष्कर घाटी,अजमेर में आयोजित रोवर रेंजर शिविर में युवाओं को विश्व स्काउट आंदोलन की महत्वपूर्ण जानकारी दी। सीओ गाइड मोनिका यादव ने बताया पुष्कर घाटी अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय रोवर मूट रेंजर मीट शिविर में एमओपी के जिला कोऑर्डिनेटर अंग्रेजसिंह एवं कुलदीप शर्मा ने एमओपी व एसडीजी की हब लगाकर शिविर में शामिल रोवर्स रेंजर्स को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एवं गर्ल स्काउट्स तथा वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्काउट मूवमेंट की गतिविधियां करवाई गई। इस अवसर पर स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने राजस्थान युवा टीम की टी शर्ट,कैप,स्कार्फ व आरवाईसी के बैज का उद्घाटन किया गया ओर युवा टीम द्वारा करवाए गए कार्यों की प्रशंसा की। सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बताया कि श्रीगंगानगर से युवा टीम के अंग्रेज सिंह,कुलदीप शर्मा और अन्य जिलों से शुभम शर्मा,अभिषेक विजयवर्गीय,हर्षिता खर्रा, हिमाद्रि प्रजापत, कृष्णा राजपुरोहित ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवा सभी का मनोरंजन करवाया व गिफ्ट उपहार में दिए। शिविर संचालक राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुश्री सुयश लोढ़ा एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद जोशी ने युवा टीम के इन कार्यक्रमों की प्रशंसा की व सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।



# अंतरा का आइईएस में चयन होने पर भव्य स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी समाजसेवी श्याम सुंदर मदान की पुत्री अंतरा मदान का आइ ई एस में चयन होने पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक डूंगर राम गेदर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, चिंतपूर्णी महाकाली दुर्गा मंदिर प्रधान मनोहर लाल कवातड़ा, विश्व हिंदू परिषद के पूर्ण चंद कवातड़ा, अरोड़ वंश कल्याण समिति सचिव विशाल डोडा, हुकम चंद चुघ, सैनी समाज के बीरबल सैनी ने आई ई एस चयनित अंतरा मदान को शोल उढाकर, श्रीफल देकर सम्मानित करके इनके पिता श्याम सुंदर मदान, माता श्रीमती निलम मदान, सुरेंद्र मदान, विशेषर मदान का सम्मान किया। विधायक डूंगर राम गदर ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पद पर स्थापित होकर सूरतगढ़ की बेटी ने शहर का नाम रोशन किया है। प्रतिभाओं को सम्मान करने से दूसरी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। इसी प्रेरणा के साथ शहर के बच्चे शिक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करके उच्च पद पर स्थापित होने का गौरव हासिल करें यही हमारी शुभकामनाएं हैं।इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया, हुकम चंद चुघ, सुरेंद्र चराया, पवन दुआ, रवि, केवल, गुलजारीलाल सुखीजा, सुबोध मिढ्ढा, लक्की न विक्की मदान सहित ने शुभकामनाएं दी ।



# तीन बाण के धारी , तीनों बाण चलाओ ना......

- आज 7 बजे से होगा विशाल श्याम संकीर्तन
- तीन दिवसीय एकादशी मेला 10 जनवरी से



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर, सुदामानगर में रविवार को बाबा श्याम का विशाल संकीर्तन सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि यह विशाल श्याम संकीर्तन सायं 6:30 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे बाबा श्याम के जयकारों से संपन्न हुआ । मंदिर प्रांगण में पहुंचे भजन प्रवाहक विक्की शर्मा, अक्षय आहुजा,लविश चुग, पवन चलाना, हनुमानगढ़ से विशेष रूप से पधारी सुनीता राजस्थानी, कीर्ति सिंगल, नेहा शर्मा व अन्य ने ऐसे सुंदर-सुंदर भजन सुनाए की आए हुए श्रद्धालु मदमस्त हो नृत्य करने लगे । मंदिर प्रांगण मानव वृंदावन से साकार हो गया होगा। शेरेवाला ने बताया कि इस विशाल श्याम संकीर्तन मे शहर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। आगामी 10 जनवरी से तीन दिवसीय श्री श्याम एकादशी मेला मंदिर प्रांगण में लगेगा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है । इसके लिए मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा। आने वाले दर्शनार्थियों की व्यवस्था के लिए बैरिकेट्स की व्यवस्था की जाएगी। शेरेवाला ने बताया कि दिन प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में श्याम श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। बाबा श्याम के प्रति अथाह श्रद्धा का सैलाब श्रद्धालुओं के मन में भरा रहता है। बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार प्रतिदिन ताजा फूलों से किया जाता है। इस महीने लगने वाले इस मेले के प्रति श्याम श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है । शेरेवाला के अनुसार हजारों की संख्या में इस मेले में बाबा श्याम को ध्वजाएं अर्पित की जाएगी। प्रात:काल से ही श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो जाएगा।

# आशा की किरण संस्था ने जूतों और जुराबों का वितरण किया



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** आशा की किरण संस्था ने रविवार को टाउन आर्य समाज रोड पर 40 जरूरतमंद बच्चों को गर्म जूते और जुराबों का वितरण किया। यह आयोजन सातोरिया स्वर्णकार सभा के अध्यक्ष जैकी सोनी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। संस्था द्वारा यह पहल सर्दियों में बच्चों को ठंड से बचाने के लिए की गई, जिससे बच्चों को सर्दी के मौसम में राहत मिल सके। संस्था संयोजक राजकुमार सोनी ने बताया कि अब तक संस्था 100 से अधिक बच्चों को गर्म जूते और जुराबों का वितरण कर चुकी है और यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 2016 से आशा की किरण संस्था जरूरतमंदों के लिए विभिन्न प्रकार की सेवा गतिविधियों में संलग्न है। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्ग की मदद करना है, ताकि उनकी जीवनशैली में कुछ सुधार हो सके। संस्था के द्वारा बच्चों के बीच जूते और जुराबों का वितरण करते हुए राजकुमार सोनी ने बताया कि संस्था का काम केवल शारीरिक मदद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक और सामाजिक सहायता भी दी जाती है। इस वितरण कार्यक्रम में बच्चों को खासतौर पर सर्दी से बचने के लिए गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए गए, ताकि वे पूरे सर्दी के मौसम में सुरक्षित और आरामदायक महसूस कर सकें।

# नववर्ष के उपलक्ष्य में गौ-माता की सेवा की

- गौवंश व पक्षियों को 2554 किलो हरा चारा, गुड़, फल एवं दाना-चुग्गा खिलाया: किशन खारीवाल
- रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर गौवंश व पक्षियों को 35 सवामणी खिलाई जाएगी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज की प्रेरणा से अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति परिवार द्वारा नववर्ष-2025 के उपलक्ष्य में गौ माता की सेवा करते हुए मासिक गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौवंश व पक्षियों को हरा चारा एवं दाना-चुग्गा की सवामणियां खिलाई गई। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि सुखाडि?ा सर्किल स्थित श्रीगौशाला में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धाभाव से गौवंश को 2400 किलो हरा चारा व 50 किलो केले तथा सर्दी के मौसम को देखते हुए 54 किलो गुड़ खिलाया गया। श्री नाकोडा वाले बालाजी भक्त माया-जगत गोयल, श्रेय-गीतांजलि अग्रवाल, कार्तिक मिड्ढा एवं गुप्तदान द्वारा 600-600 किलो हरे चारे की सेवा की गई। श्रीमती सुमन अग्रवाल बंगलोर की 50 किलो केले एवं गुप्तदान द्वारा 54 किलो गुड़ की सेवा रही। तत्पश्चात् स्व. विजय बंसल की स्मृति में परू-कपिल बंसल के सहयोग से श्री गौशाला प्रांगण स्थित पक्षी विहार में पक्षियों को 50 किलो दाना-चुग्गा खिलाया गया।




अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, मकर संक्रांति तथा लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में 12 जनवरी, रविवार को समाजसेवी अशोक चांडक तथा पूर्व सभापति श्रीमती करूणा चांडक के सहयोग से गौवंश को 34 सवामणी हरे चारे व गुड़ की खिलाई जाएगी तथा 1 सवामणी दाना-चुग्गा पक्षियों को खिलाया जाएगा। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने अग्र समिति परिवार की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौमाता को हरा चारा, गुड़ व केले, फल आदि खिलाने के साथ-साथ पक्षियों को दाना-चुग्गा खिलाया जाता है। उल्लेखनीय है कि नियमित रूप से चल रहे गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौवंश के लिए गुड़ व हरे चारे तथा पक्षी विहार में पक्षियों के लिए दाना-चुग्गा की सवामणी लगाने के इच्छुक गौभक्त व जीव प्रेमी समिति परिवार अध्यक्ष किशन खारीवाल मो.नं. 9413376500 से सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर किशन खारीवाल, राकेश सिंघल, रमेश बंसल, नितिन खारीवाल, योगेश मंगल, दिनेश गोयल, अनमोल सिंघल, प्रिन्स गोयल, भावेश मित्ततल, श्रेय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, डॉ. लोकेश शर्मा, सन्तोष खारीवाल, श्वेता बंसल, पल्लवी मंगल, गीतांजलि अग्रवाल, सुनीता सिंघल, रितू शर्मा सहित अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति परिवार पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




हाल के वर्षों में मेट्रो शहरों के ही नहीं छोटे शहरों में भी रहने वाले अधिकतर यंगस्टर्स में भी अपनी फिटनेस को लेकर अवेयरनेस बढ़ रही है। तकनीकी सुविधाओं और नए ट्रेंड्स की वजह से युवक-युवतियां आसान और प्रभावी तरीके से अपनी फिटनेस को मेंटेन कर रहे हैं। कौन-से हैं वे तरीके, आप भी जरूर जानना चाहेंगे।

# क्या आप जानते हैं आज के यंगस्टर्स का फिटनेस सीक्रेट







बड़े-बूढ़े भले आज के युवाओं में कई तरह की खामियां निकालते हों, भले कई बातों के लिए उनकी आलोचनाएं करते हों, लेकिन एक बात उन्हें भी माननी पड़ती है कि आज के युवा, विशेषकर शहरी युवा, अपनी फिटनेस को लेकर जितने कॉन्शस हैं, उतने अब के पहले किसी भी दौर के युवा नहीं रहे। भारत में युवाओं की फिटनेस को लेकर यह सजगता ही है कि आज देश में फिटनेस का कारोबार करीब 2 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। साल 2027 में इसके 4 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## बढ़ रही युवतियों की संख्या

आज चाहे महानगर हों या टू टीयर शहर हों, हर जगह गली- गली में आपको जिम देखने को जरूर मिल जाएंगे। एक और अच्छी बात हुई है कि अब जिम में केवल लड़के ही नहीं दिखते, लड़कियां भी खूब दिखने लगी हैं। महानगरों में तो इनकी संख्या लड़कों के 25 से 30 फीसदी के बराबर तक पहुंच चुकी है। हां, छोटे शहरों में अभी जिम में लड़कियां कम दिखती हैं, लेकिन साल 2030 तक भारत में फिटनेस के जिस कारोबार को करीब 10 बिलियन डॉलर सालाना पहुंचते देखा जा रहा है, उसमें सबसे बड़ी उम्मीद का कारण जिम में लड़कियों की तेजी से बढ़ती संख्या भी होगी।

## फिटनेस अवेयरनेस बढ़ने की वजह

सवाल है भारत में युवाओं के बीच आई इस फिटनेस अवेयरनेस का राज क्या है और किस तरह की फिटनेस को लेकर युवाओं में विशेष रूप से क्रेज या ट्रेंड देखा जा रहा है? 1980 और 1990 के दशक में फिटनेस के मुख्य साधन या जरिया ट्रेडिशनल एक्सरसाइज ही हुआ करती थीं, जिसमें दौड़ना, साइकिल चलाना और शारीरिक श्रम आधारित गतिविधियां थीं। लेकिन आज के इस तकनीकी युग में फिटनेस की गतिविधियां उतनी ही ट्रेडिशनल नहीं रह गई हैं। आज फिटनेस की गतिविधियों में कई तरह के फ्यूजन आ गए हैं। इनके लिए तकनीकी प्रगति और सोशल मीडिया के साथ-साथ युवाओं की बढ़ती इनकम का भी योगदान है। अब एक नजर इस पर भी डालते हैं कि किस-किस तरह के फिटनेस ट्रेंड, आज के युवाओं के बीच पॉपुलर हैं।

## होलिस्टिक वेलनेस

आज के अधिकतर यंगस्टर्स, ट्रेडिशनल जिम जाने की बजाय ऐसे जिम जाना पसंद करते हैं, जहां फिटनेस को एक साथ कई तरह से साधने की कोशिश होती है। ऐसे जिम सिर्फ फिजिकल एक्सरसाइज कराने की जगह योग, आयुर्वेद, न्यूट्रिशन कंसल्टेशन जैसे कंप्लीट हेल्थ को अपने होलिस्टिक वेलनेस पैकेज का हिस्सा बनाते हैं, क्योंकि होलिस्टिक वेलनेस सिर्फ फिट रहने का जरिया नहीं है। यह एक तरह से पूरी लाइफस्टाइल को बदलने का तरीका है, जिसे होलिस्टिक हीलिंग भी कहा जाता है। इसमें जहां शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एक्सरसाइज पर जोर दिया जाता है, वहीं मन और मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त और मजबूत बनाने के लिए तरह-तरह की एक्सरसाइज और उपचार विधियों को आजमाया जाता है। आज के होलिस्टिक जिम वास्तव में तन और मन दोनों की एक्सरसाइज का जरिया हैं। जो युवाओं को काफी पसंद आते हैं।

## वर्चुअल फिटनेस प्लेटफॉर्म्स



आज जरूरी नहीं है कि किसी युवा को जाने-माने फिटनेस एक्सपर्ट या ट्रेनर की देख-रेख का फायदा तभी हो, जब वह किसी ऐसे जिम में जाता हो, जहां वह ट्रेनर विशेष मौजूद हो। इंटरनेट के कारण आज दुनिया के किसी भी कोने में मौजूद कोई फिटनेस एक्सपर्ट अपनी सेवाएं, दुनिया के किसी भी दूसरे कोने में दे सकता है। ये सेवाएं बहुत महंगी भी नहीं होती हैं, क्योंकि उसकी इन सेवाओं को एक साथ दुनिया के हजारों, लाखों लोग इस्तेमाल कर रहे होते हैं। इसलिए उनकी बहुत मामूली सी अदा की गई फीस भी ऐसे एक्सपर्ट के लिए बहुत होती है। यहां तक कि आज ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी एप्स के जरिए जाने-माने फिटनेस एक्सपर्ट और फिटनेस कंसल्टेंट की सुविधाएं मिल रही है। यही नहीं आज युवाओं को जिम गए बिना भी, जाने-माने फिटनेस एक्सपर्ट की सलाहें और टिप्स एप्स के जरिए मिल जाते हैं।

## एआई क्यूरेटेड फिटनेस प्लांस

यह पहला ऐसा दौर है, जब हमारे पास कोई नॉन-ह्यूमन, हर मामले में सलाह देने और सिखाने के लिए उपलब्ध है। जी हां, ये उन्नत आर्टिफिशियल टेक्नीक है। आप जब किसी एक्सपर्ट की मदद अपने लिए उपयोगी फिटनेस प्लांस सुझाने के लिए लेते हैं, तो संभव है उसमें किसी तरह की कमी रह जाए। लेकिन जब यही सुझाव या सेवा आर्टिफिशियल इंटलीजेंस देती है तो यह सौ फीसदी आपकी बॉडी और स्टेमिना के लिए सटीक सुझाव होता है, क्योंकि एआई जब आपके लिए कोई प्लान सुझाती है तो वह उसे सैद्धांतिक तौर पर नहीं सुझाती बल्कि विशेष रूप से केवल आपकी जरूरत को ध्यान में रखकर सुझाती है।

कहने का सार है कि आज के यंगस्टर्स को केवल अच्छी फिजिक दिखाने के लिए फिटनेस नहीं चाहिए बल्कि यह उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, इसलिए वे इसे मेंटेन करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। *

## माइंडफुलनेस और योगा

आज फिटनेस प्रोग्राम इसलिए भी युवाओं को काफी पसंद आ रहे हैं, क्योंकि इन्हें योग के आधुनिक संस्करणों के साथ कंप्लीट पैकेज के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। माइंडफुलनेस और योग की साझी गतिविधियां जहां युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती हैं, वहीं ये गतिविधियां आज के पर्यावरण के अनुकूल होती हैं।



# 4 हमें खुश रखने वाले फील गुड हार्मोंस

आप यकीन ना करें पर सच है कि हम किसी भी कंडीशन में खुश रह सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में चारों फील गुड हार्मोंस बनते रहें। अपनी लाइफस्टाइल, डाइट में बदलाव कर हम ऐसा कर सकते हैं।

हर इंसान की खुशी का आधार हैं, उसके शरीर में पैदा होने वाले फील गुड हार्मोन। इसलिए इन्हें खुशी का जादुई खजाना भी कहते हैं। सच बात तो यह है कि इंसान को कुदरत से मिलने वाला यह सबसे बड़ा तोहफा है। इंसान को कुदरत से मिली यह कितनी बड़ी नियामत है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगर यह हार्मोन ना हों तो कोई इंसान महज दुख और परेशानियों की गठरी बनकर रह जाए। जब ये हार्मोन हमारे शरीर में बनना बंद हो जाते हैं तो हम गुस्सैल, चिड़चिड़े और हर समय नाराज रहने वाले शख्स के रूप में पहचाने जाने लगते हैं। खुशी के इन हार्मोंस को फील गुड हार्मोंस कहते हैं। यही हमारी खुशी, हमारे तनाव, हमारी सकारात्मक ऊर्जा और हमारी बेचैनी के लिए जिम्मेदार होते हैं।

**हमारी खुशियों के एजेंट:** हमारे शरीर में हमें खुश रखने वाले चार हार्मोन बनते हैं- डोपामाइन, सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन। जब हम कोई लक्ष्य हासिल करते हैं या कुछ अच्छा अनुभव करते हैं तो हमारे शरीर से डोपामाइन नामक हार्मोन रिलीज होता है। इसलिए मेडिकल की भाषा में इसे रिवार्ड हार्मोन भी कहा जाता है। जब हम बहुत खुशी महसूस करते हैं, संतुष्टि महसूस करते हैं तो यह हार्मोन जारी होता है। यह हमें प्रेरित करता है, हमें आनंदित करता है और हमारा आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है। हमारे मूड को सही रखने वाला, अच्छी नींद में मददगार, बढ़िया याददाश्त बनाए रखने वाला और भूख को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाने वाले हार्मोन को सेरोटोनिन कहते हैं। मेडिकल की भाषा में इसे 'मूड स्टेबलाइजर' हार्मोन भी कहते हैं। यह संतुष्टि और खुशहाली की भावना प्रदान करता है। हमारे शरीर का तीसरा और एक उम्र का सबसे प्यारा हार्मोन ऑक्सीटोसिन है, जिसे मेडिकल की भाषा में 'लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन' भी कहते हैं। शरीर में इसके रिलीज होने पर ही हम किसी से लगाव महसूस करते हैं, दिल से चाहत महसूस करते हैं। यह रिश्तों में प्यार और अपनापन महसूस कराने में अहम भूमिका निभाता है। शरीर का चौथा महत्वपूर्ण फील गुड हार्मोन, एंडोर्फिन है। इसे मेडिकल की भाषा में नेचुरल पेनकिलर भी कहते हैं। यह हार्मोन रिलीज होने पर हम किसी भी दर्द को कम महसूस करते हैं। तनाव से मुक्ति महसूस करते हैं। हंसने पर, एक्सरसाइज करने पर और उत्साह से लबरेज होने के मौके पर हमारे अंदर यही हार्मोन रिलीज होता है।






**नेचुरल गिफ्ट की तरह:** हमें आंखों से ना दिखाई देने वाले ये चार हार्मोन, इंसान के लिए कुदरत का इतना बड़ा तोहफा हैं कि अगर ये हार्मोन ना हों तो जीने का कोई अर्थ ही ना रह जाए। वास्तव में ये हार्मोन ही हैं, जो हमें दुनिया के लिए जबर्दस्त प्यार और चाहत महसूस कराते हैं। कुदरत से इंसान को मिले ये चार हार्मोन इतनी बड़ी नियामत हैं, इसको इन बातों से भी समझ सकते हैं कि अगर ये हार्मोन ना होते तो इंसान के पास तनाव और चिंता को खत्म करने के लिए कोई तरीका ही नहीं होता। ये ना होते तो इंसान सकारात्मक और रचनात्मक नहीं होता। ये ना होते तो लोगों में आपस में प्यार, जुड़ाव, रिश्ते और भावनाएं नहीं होतीं। ये नहीं होते तो हम ना तो अच्छी तरह से नींद महसूस कर पाते और ना ही हमारा पाचनतंत्र दुरुस्त होता, जिस कारण हम दुनिया की तमाम सारी खुशियों, जिनमें खाना, मनोरंजन करना, दोस्तों से गप लड़ाना आदि सभी तरह की खुशियां शामिल हैं, ये हमारे पास ना होतीं।

**जब कम होते हैं ये हार्मोन:** इन हार्मोंस की कमी के चलते उदासी और निराशा बढ़ जाती है, क्योंकि शरीर में सेरोटोनिन और डोपामाइन की कमी या नामौजूदगी होती है। जब कोई व्यक्ति लगातार तनाव में रहता है, लगातार चिंतित रहता है, असुरक्षित महसूस करता है, तो उसमें एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन हार्मोंस की कमी होती है। जब हम थकावट या चिड़चिड़ापन महसूस करते हैं और किसी भी चीज से लगाव नहीं महसूस करते तो इसका मतलब यह है कि हमारे अंदर डोपामाइन की कमी है।

**तब नहीं होगी इनकी कमी:** नियमित योग, व्यायाम और संतुलित आहार के जरिए हम अपने शरीर में एंडोर्फिन और डोपामाइन का स्तर बढ़ा सकते हैं। इससे सेरोटोनिन की मात्रा को भी बढ़ा सकते हैं, उसे सक्रिय कर सकते हैं। अगर हम प्रकृति के करीब रहते हैं, सूरज की रोशनी में समय बिताते हैं, तो हमारे शरीर में सेरोटोनिन हार्मोन बढ़ता है, जिससे हमारा मन खुश रहता है।

गरीब के लिए अमीरों का बेकार सामान भी बहुत बड़ी खुशी बन सकता है। नए साल की सुबह दीनू को कुछ ऐसे ही खुशी मिली। पत्नी रधिया भी इस खुशी की सहभागी बनी। त्रासदी गरीबों की।

# रधिया का हैप्पी न्यू ईयर



एक जनवरी की शाम को दीनू चहकता हुआ घर पहुंचा। पत्नी रधिया को एक काली पॉलीथीन थमाते हुए बोला, 'इसमें थोड़ा कच्चा गोश्त, मसाला, आटा और प्याज है। जाकर जल्दी-जल्दी पका इसे, बड़ी जोर से भूख लगी है... और हां बन जाए तो पहले थोड़ा चखना लेती आना।'

रधिया को पॉलीथीन देने के बाद दीनू बरामदे में रखी फटी हुई चटाई बिछा कर उस पर बैठ गया। झोले से देसी दारू का पौवा निकाला और ग्लास में पानी के साथ मिलाकर गला तर करने लगा। ऐसा लग रहा था मानो दो दिनों से भूखे दंपती पर नया साल मेहरबान हो गया हो।

रधिया के मन-मस्तिष्क में एक साथ कई प्रश्न उमड़ रहे थे, किंतु वह आश्चर्य मिश्रित खुशी के साथ गोश्त पकाने चली गई। थोड़ी देर बाद जब वह पति के पास चखाने के लिए गोश्त का टुकड़ा लेकर आई तो उससे रहा नहीं गया। वह उत्सुकतावश पूछ बैठी, 'का जी कौन्हो लॉटरिया लग गया काए, जो आज दारू और मांस खींच रहे हैं? कुहासा और ठंडा के कारण दो दिन से कहीं कोई काम, मजूरी भी नहीं मिली थी फिर पैसा कहां से लाए? घर में सब्जी खरीदने के पैसे नहीं हैं और आप गोश्त खरीद लाए... ऊपर से दारू भी गटक रहे हैं?'

'अरी थोड़ा दम भी ले लो भाग्यवान... काहे तोप के तरह बरसे जा रही हो...।' दीनू ने रधिया को शांत किया और आगे बोला, 'अरे कौन्हो लॉटरी-वाटरी नहीं लगा है और ना कोई मजदूरी मिली। वो क्या कहते हैं... हां आज नया साल है ना, जिसकी खुशी में शहर के अमीर साहेब लोग अपने गांव के मुहाने वाले पोखर के पास जुट कर हैप्पी न्यू ईयर की पार्टी मना रहे थे। दोपहर तक काम नहीं मिलने के कारण हम भी हताश होकर वहीं पोखरा के पास जाकर बैठ गए।'

'अच्छा तो शहर वाले साहब लोगों ने गोश्त और तेल मसाला दिया?' जिज्ञासावश रधिया बीच में ही बोली।

'अरी नहीं रे, पहले पूरी बात तो सुन ले, बीच में ही टपक पड़ती है... वो साहेब लोग जब शाम में पार्टी मनाकर घर चले गए, तो वहां पोखर के पास ढेर सारी दारू और बियर की खाली बोतलें पड़ी थीं, हमने सभी बोतल को इकट्ठा किया और कबाड़ी के पास जाकर बेच दिया। बदले में कुल एक सौ पचासी रुपया दिया कबाड़ी ने। उसी पैसे से आज के खाने-पीने का जुगाड़ हो गया।' दीनू ने रधिया की जिज्ञासा को शांत करते हुए सारी बात बताई।

'अरे वाह! यह तो बड़ा अच्छा है जी, हप्पी नुई एयर...! काश! हर रोज हप्पी नुई एयर होता तो हम लोग एक भी रात भूखे नहीं सोते।' रधिया चहकते हुए बोली।


रधिया की मासूमियत और अपनी तंगहाल स्थिति के दर्द को देसी दारू की घूंट के साथ गटक कर दीनू गोश्त का एक छोटा टुकड़ा पत्नी के मुंह में डालते हुए हंसते हुए बोला, 'अरी पगली हप्पी नुई एयर नहीं हैप्पी न्यू ईयर होता है।'

दीनू की बात सुन रधिया लजाते हुए बोली, 'हम भी तो यही बोल रहे हैं जी, हैप्पी नुई एयर।'

इस बार फिर रधिया के गलत बोलने पर दीनू ठठा कर हंस पड़ा लेकिन टोका नहीं। वह उसकी खुशी मारना नहीं चाहता था। *

# वर्क फ्रॉम होम में बॉस को कैसे करें इम्प्रेस

कोरोना महामारी के दौरान कई इंडस्ट्रीज ने अपने एम्प्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम की परमिशन दी थी। इसके बाद कुछ कंपनियों ने इसे परमानेंट अप्लाई कर दिया। वहीं कुछ कंपनियां महीने में दो-चार दिन एम्प्लाई को ऑफिस बुलाती हैं। निश्चित रूप से घर से काम करना अच्छा है। लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनका सामना एम्प्लॉइज को करना पड़ता है। घर से काम करने से एम्प्लॉइज को फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। लेकिन उन्हें संभावित करियर ग्रोथ की भी चिंता होती है क्योंकि वह अपने मैनेजर या बॉस के सामने नहीं होते हैं। वर्क फ्रॉम होम में अपने बॉस को इम्प्रेस करना भी एक बड़ा चैलेंज होता है। इसमें एम्प्लॉई घर से ही अपना काम कर सकता है। इसके लिए उसे ऑफिस जाने की जरूरत नहीं होती। हालांकि इसमें लैपटॉप, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है। आमतौर पर लोगों को लगता है कि घर से काम करना बहुत आसान है। लेकिन वास्तविकता यह है कि वर्क फ्रॉम होम बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इसमें तमाम तरह के डिस्ट्रैक्शन होते हैं। वर्क फ्रॉम होम में व्यक्ति का ज्यादा समय अन्य चीजों में चला जाता है। जैसेकि देर तक सोना, हर समय अपना सोशल मीडिया अकाउंट चेक करना, फैमिली को ज्यादा समय देना। इसके अलावा घर के लोग भी अक्सर काम में दखल देते हैं। इन सबके बीच काम करना वाकई चैलेंजिंग होता है। नौकरी में अपने बॉस या मैनेजर के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना बहुत जरूरी है क्योंकि प्रमोशन और सैलरी इंक्रीमेंट उन्हीं के हाथों में होता है। जब एम्प्लॉई दूर से काम कर रहा होता है तो उसे बॉस को खुश रखने के लिए ज्यादा एफर्ट्स लगाने पड़ते हैं। वर्क फ्रॉम होम में बातचीत की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि यह टीम के सदस्यों को जुड़े रहने, उनके साथ विचारों को साझा करने और समस्याओं का समाधान करने में मदद करती है। नियमित बातचीत से टीम की प्रोडक्टिविटी में सुधार होता है और एम्प्लाई को अकेलापन भी नहीं महसूस होता है। इसके अलावा एम्प्लॉई को अपने बॉस या मैनेजर को अपनी प्रोग्रेस, चैलेंजेज और अचीवमेंट्स के बारे में अपडेट देना जरूरी है। उन्हें यह भी दिखाएं कि आप जिम्मेदार और विश्वसनीय हैं। हालांकि बातचीत के दौरान अपने शब्दों के चयन और भाषा पर विशेष ध्यान रखें। अपने बॉस को प्रभावित करने का सबसे अच्छा तरीका है क्वालिटी वर्क करना, जो उनकी अपेक्षाओं को पूरा करता हो या उससे बढ़कर हो। इसके लिए एम्प्लॉई को यह दिखाना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी के प्रति कमिटेड है। हालांकि घर से काम करते समय पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच संतुलन बनाना मुश्किल होता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने काम के घंटों को निर्धारित करें, डिस्ट्रैक्शन से बचें और अपने काम की क्वालिटी पर फोकस करें। वर्क फ्रॉम होम में अपने काम के साथ-साथ कुलीग्स का सहयोग करना भी जरूरी है। यह टीम वर्क और प्रोजेक्ट की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। घर से काम करते समय कम्युनिकेशन और सहयोग की कमी हो सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि आप नियमित रूप से अपने कुलीग्स के साथ संपर्क में रहें, उनकी जरूरतों को समझें और उनका सहयोग करें। इससे आप अपने बॉस पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम में वीडियो कॉल पर रहते हुए कोई अन्य काम करना नौकरी के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए वीडियो कॉल या जूम मीटिंग को अपनी पहली प्राथमिकता बनाएं। अन्य चीजों का ध्यान रखने के बजाय उसी पर पूरा फोकस करें। इससे बॉस को ये पता चलता है कि आपका काम आपकी प्राथमिकता है। घर से काम करने के दौरान एक डेली शेड्यूल बनाना और उसको फॉलो करना जरूरी है। इसके अलावा हर दिन अपने मैनेजर को काम को लेकर अपडेट दें। ध्यान रखें कि इसमें किसी तरह का मिसकम्युनिकेशन न होने पाए।



# पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

जनमार्ग न्यूज

**गोलूवाला।** लगभग डेढ़ महीने पहले एक युवक से की गई बर्बरता पूर्वक मारपीट के बाद भी अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होने के चलते पीड़ित में भय व्याप्त है ।14 नवंबर को कृष्ण लाल पुत्र ओमप्रकाश ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी चक आठ यूटीएस में कृषि भूमि पड़ती है जहाँ उसकी ढाणी बनी हुई है।दिनांक 13 नवम्बर को आरोपी भागीरथ व विनोद पुत्र लीलूराम जाति जाट जो कि उनकी बोई हुई फसल में से ट्रैक्टर लेकर चले गए ।इस बात का उलाहना जब संजय व दीपक पुत्र देवेंद्र द्वारा फोन कर दिया गया तो आरोपी उससे फोन पर ही गाली गलौज करने लगे।इसके बाद आरोपी अपने पालतू कुते सहित खेत में आ धमके व दीपक तथा संजय से मारपीट करने लगे। ये दोनों अपनी जान बचाकर ढाणी की तरफ भाग गए तो आरोपी कुछ देर बाद ही अपने साथ जीतू पुत्र मंगतराम व 14-15 अन्य जनों को लेकर आये व दीवार फांदकर ढाणी में घुस गए तथा उनके साथ लाठी डंडों,गंडासी से जानलेवा हमला कर दिया।बीच बचाव कर रहे उसके पुत्र ज्ञानप्रकाश पर भी आरोपियों ने हमला बोल दिया जिसमें वह भी गंभीर घायल हो गया।हमले में आरोपियों ने ज्ञानप्रकाश के सिर व पैर पर वार किये जिससे उसके सिर व पैर में गहरी चोटें आई।ज्ञानप्रकाश को नरेश यादव ने श्रीगंगानगर के एक नीजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।कृष्णलाल इस मामले को लेकर एसपी डीएसपी से भी मिल चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।पी?ित ने पुलिस पर मामला संगीन धाराओं में दर्ज करने की बजाय सामान्य धाराओं में दर्ज करने का आरोप भी लगाया तथा पुलिस पर दबाव में होकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की बात कही।कृष्ण लाल ने बताया कि सिर में गहरी चोट होने व दोंनो पैरों में फ्रैक्चर होने के बावजूद पुलिस इसे जानलेवा हमला नहीं मान रही और आरोपी डेढ़ महीने के बाद भी पुलिस पकड़ से बाहर है तथा उसे खुलेआम धमकियां देकर राजीनामे का दबाव बना रहे हैं।वहीं जांच अधिकारी एएसआई धर्मपाल ने बताया दोंनो ओर से परस्पर मामले दर्ज किए गए हैं और डॉक्टरी रिपोर्ट का इंतजार है तथा निष्पक्ष जांच जारी है।





# एनसीसी कैडेट्स को नशे के खिलाफ दिया जीवन जीने का मंत्र

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** गवर्नमेंट कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कैडेट्स को प्रेरित किया और नशे के दुष्प्रभावों से बचने का मार्ग प्रशस्त किया। नशा मुक्त गंगानगर अभियान ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से विक्रम ज्याणी ने संबोधित करते हुए बताया कि जिला प्रशासन जिला पुलिस श्री गंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक श्री गौरव यादव के नेतृत्व में के अंतर्गत कैडेट्स को नशे की आदतों से बचने और अपने जीवन को अनुशासन और सकारात्मकता से भरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जीवन में सफलता और सम्मान पाने के लिए खुद पर विश्वास और दृढ़ निश्चय अत्यंत महत्वपूर्ण है। नशा हमें कमजोर बनाता है, जबकि आत्मनिर्भरता हमें मजबूत बनाती है। तहसीलदार विवेक चौधरी ने जीवन मंत्र देते हुए कहा, सपनों को पूरा करने के लिए अनुशासन और संयम का होना आवश्यक है। नशा इन सपनों को खत्म कर देता है। मेजर डॉ. अरुण शहरिया ने कैडेट्स को नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी इस सामाजिक बुराई से बचाने का प्रयास करें। डॉ. सी. पी. जांदू ने नशे के खिलाफ मजबूत इरादों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, एक मजबूत युवा ही एक मजबूत समाज की नींव रख सकता है। डॉ. मेनपाल सहारण ने सकारात्मक जीवन जीने के लिए समय प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हाथ उठाकर नशा मुक्त रहने की शपथ ली।

# पांच प्यारों की अगुवाई में निकाला नगर कीर्तन, अखंड पाठ का भोग आज

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ़।** कस्बे के श्री नानक दरबार गुरुद्वारा में रविवार को श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की जयंती पर पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया नगर कीर्तन कस्बे के श्री नानक दरबार दरबार गुरुद्वारा से समूह संगत के सहयोग से पाठी बाबा दर्शन सिंह ने गुरुअरदास कर नगर कीर्तन की रवानगी की नगर कीर्तन मेंन बाजार व बस स्टैंड सहित कस्बे के अन्य मार्गो से निकाला गया जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया नगर कीर्तन में पांच प्यारों को श्री रविदास गुरुद्वारा की प्रबंधक कमेटी व श्रद्धालुओं द्वारा सरोपे पहना कर अभिनंदन किया गया नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं ने वाहे गुरु का जाप करते हुए भाग लिया नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पावन पालकी में विराजमान गुरु साहिब जी को संगतो ने माथा टेका और मन्नतें मांगी गुरु ग्रंथ साहिब पालकी के आगे बहनों द्वारा सड़क पर झाड़ू लगाकर सेवा की गई नगर कीर्तन में रागी जथा बाबा सरबजीत सिंह खालसा 24 एफ केसरी सिंहपुर वाले ने सानू फेर भी मिले लखवारी, ऐह जेही सुलखनी घड़ी----- शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया गुरुद्वारा के प्रधान दर्शन सिंह कामरा ने बताया कि इस प्रकोतसव पर्व के तहत निकले गए नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था उन्होंने बताया कि रविवार को रखे गए खंड पाठ का भोग सोमवार को पड़ेगा और गुरु का अटुट लंगर बरतेगा।

# जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** शहर की समाजसेवी संस्था नेकी की रसोई ने अपने सामाजिक कार्यों की एक और कड़ी में रविवार को जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को ठंड से बचाने के लिए गर्म जर्सी और स्वेटर वितरित किए। यह कार्यक्रम हनुमानगढ़ में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

संस्था के सदस्य सुभाष बंसल ने बताया कि नेकी की रसोई लंबे समय से समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्गों की मदद के लिए काम कर रही है। इस बार ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए संस्था ने लगभग 200 जरूरतमंद परिवारों को गर्म वस्त्र वितरित किए। इस वितरण अभियान में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को प्राथमिकता दी गई, जो ठंड में विशेष रूप से प्रभावित होते हैं।

नेकी की रसोई के प्रधान अशोक गर्ग ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं है। नेकी की रसोई विभिन्न प्रकार के समाजसेवी कार्यों में सक्रिय रहती है। यह संस्था जरूरतमंदों को भोजन, चिकित्सा सहायता, और शिक्षा सामग्री भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य समाज में कोई भी व्यक्ति भूखा या बेसहारा न रहे। यह एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन इसके पीछे एक बड़ा उद्देश्य है ङ्क समाज के हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाना।÷



कार्यक्रम के दौरान कई समाजसेवी भी उपस्थित थे जिन्होंने संस्था की पहल की सराहना की। स्थानीय निवासियों ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए। संस्था के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे भी समाजसेवा के इन कार्यों में हाथ बंटाएं और अपने स्तर पर जरूरतमंदों की मदद करें।

नेकी की रसोई के सदस्यों ने यह भी बताया कि भविष्य में संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में और व्यापक स्तर पर कार्य करेगी। गर्म कपड़ों का वितरण केवल एक शुरुआत है, आने वाले समय में वे शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में भी योजनाबद्ध तरीके से काम करने की योजना बना रहे हैं।

कार्यक्रम में लाभार्थियों ने संस्था के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस ठंड के मौसम में यह गर्म कपड़े उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। कार्यक्रम का समापन संस्था के सदस्यों और उपस्थित लोगों के साथ सामाजिक सेवा को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता सुभाष बंसल, कर्मचंद अरो?ा, अशोक गर्ग, देवेन्द्र शर्मा, डॉ पीसी बंसल, भवानी शंकर शर्मा, राजेन्द्र जोशी, पूर्व कमिश्नर कृष्णलाल गोस्वामी, नरेश गर्ग, गिरधारीलाल काल?ा, शिवलाल महाजनी, रमेश गर्ग, रमेश रहेजा, महेश जसूजा, नरेश कुमार बिट्टू व रसोई के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अखण्ड ज्योति पाठ का आयोजन



**हनुमानगढ।** जय श्री श्याम परिवार कला मण्डल हनुमानगढ़ द्वारा मनाये जा रहे श्रीश्याम महोत्सव के अंतर्गत आज अखण्ड ज्योति पाठ का आयोजन रॉयल पैराडाईज पैलेस हनुमानगढ़ टाउन की धरा पर हुआ । श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया । इस मौके पर अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योति प्रवज्वलित की, बाबा का भव्य दरबार सजाया गया उस पर आकर्षक श्रृंगार सजाया गया । श्याम भगत दिनेश शर्मा ने बताया संदीप सुलतानपुरिया कोलकाता वालों द्वारा संगीतमय अखंड ज्योति पाठ सुन्दर सुन्दर झांकियों के साथ सुनाया गया । श्याम भजनों के द्वारा सामूहिक ज्योति पाठ किया गया । श्री श्याम अखंड पाठ में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव से लेकर शीश के दान तक की अलौकिक झांकियां व भक्तों की धमाल पर अनूठा संगम प्रस्तुत किया । इस मौके पर इस मौके पर सरंक्षक पवन बंसल व राजेश सेतिया, अध्यक्ष विनोद तलवाडिया, उपाध्यक्ष सुभाष स्वामी, सचिव तरूण सारण, सहसचिव गौरव बजाज, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रचार मंत्री सुभाष स्वामी मामा, कार्यकारिणी सदस्य भवानी चाचाण, जसपाल छाबड़ा, संजय मित्तल, महेश सारडाआदि उपस्थित थे ।

# श्री दुर्गा मन्दिर में श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## आनंद में झूमे नर-नारी तथा लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विनोबा बस्ती स्थित श्रीदुर्गा मंदिर में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कथा व्यास पं. मनोज दुबे (अयोध्यावाले) ने पावन प्रवचनों में कहा कि भगवान का नाम ही कलियुग में समस्त पापों को नष्ट करने वाला है तथा राम का नाम ही हर समय कल्याणकारी है। श्रीराम जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं को खूब बधाई बांटी गई तथा नर-नारियों ने भजनों पर झूमकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। वृंदावन से पधारे भजन गायकों ने भजनों द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव का आनंद कई गुणा बढ़ा दिया। श्रीराम जन्मोत्सव की खुशी में भक्तों को लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रामलला की संचेतन झांकी भी सजाई गई। भक्तों ने श्रद्धाभाव से राम जन्मोत्सव की कथा श्रवण की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, श्री दुर्गा मंदिर सेवादार मण्डल, बजरंग दल, श्री राधे भजन मण्डल, श्री दुर्गा संकीर्तन महिला मण्डल, सामाजिक एकता मंच आदि सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। समस्त शहरवासियों से 11 जनवरी, 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3.15 से 6.15 बजे तक श्री दुर्गा मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

# प्रकाश उत्सव क्षेत्र में धूमधाम से मनाया



जनमार्ग न्यूज

**रावला मंडी।** श्री गुरुगोबिंद सिंह जी का 358 वां प्रकाश उत्सव क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है। रावला व ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रावला में शनिवार को प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारे में दीवान सजाए गए। गुरुबाणी से संगत को निहाल किया। पांच प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। संगत ने गुरु की पालकी के समक्ष मत्था टेककर अरदास की। मंडी वासियों ने जगह जगह नाश्ता व फलों से नगर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा की। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। स्थानीय गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम के तहत शुरू की गई प्रभात फेरी शनिवार को संपन्न हुई। प्रभात फेरी में प्रतिदिन गुरु गोबिंद सिंह का कीर्तन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में संगत ने गुरुघर में हाजिरी लगाई। रविवार को अटूट लंगर बताया जाएगा।

# स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संघ जिला की बैठक आयोजित



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संघ जिला श्रीगंगानगर की बैठक रविवार को पुरानी आबादी स्थित संघ के कार्यालय में जिलाध्यक्ष रवि काजला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश सचिव अरूण गोदारा उपस्थित रहे। बैठक में श्रीगंगानगर से ब्लॉक अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव राजेन्द्र चाहर, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा, प्रवीण, जगदीश सिडाना, जसराम नायक,अजय सिंगाठिया, सुभाष भाटिया,कुलदीप, धूड़ाराम , रामवीर, गुरदयाल, अर्जुन सिंह,अलोक शर्मा, संजीव गुम्बर, संदीप बंसल, बंता सिंह, ज्ञान, सूरतगढ़ ब्लॉक से अरूण गौड़ शामिल हुए। बैठक में निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई व इनके निराकरण के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अरूण गोदारा ने प्रस्ताव रखा कि श्रीगंगानगर जिले के निजी शिक्षण संस्थाओं के बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाए। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फरवरी के प्रथम सप्ताह में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। जिस हेतु जिले की सभी निजी शिक्षण संस्था संचालकों से उनके विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं की सूची इस माह के अन्त तक संघ के जिला कार्यालय अथवा ब्लॉक अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव राजेन्द्र चाहर व कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा को आवश्यक रूप से भिजवा देवें ताकि उसी अनुरूप सम्मान प्रतीक इत्यादि तैयार करवाए जा सकें।

# कांग्रेस ओबीसी विभाग की बैठक सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन आज रविवार को जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग की बैठक जिलाध्यक्ष मनमोहन सोनी की अध्यक्षता में सूर्य नगर उनके निवास पर आयोजित की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओबीसी कांग्रेस गुरदीप सिंह चहल थे, बैठक में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया गया और अमित सहू लाल खान ढानी, नोहर व जसप्रीत सिंह चड्ढा को जिला सचिव नियुक्त किया गया, कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जरनैल सिंह खींची, महामंत्री ललित सोनी, सचिव शाहरुख खान कुरेशी, सोशल मीडिया प्रभारी डीसीसी और जिला महामंत्री ओबीसी कांग्रेस जयराम ढुकिया, जिला सचिव ओबीसी आमिर खान, सचिव संदीप सिंह धालीवाल, ईशाक चायनान जिला महामंत्री कांग्रेस सेवा दल, ओम सोनी पार्षद प्रतिनिधि बलदेव कुक्कड़ ने कॉग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे । इस मौके पर अमित सहु व जसप्रीत सिंह ने कहा जो जुम्मेदारी कॉग्रेस ओबीसी ने हमे दि है वह हम पूरी लगन व निष्ठा पूर्वक पूरा करेगे व कॉग्रेस कि रिती निति का जन जन तक पहुचाने का काम करेगे। इस मौके पर रामनिवास वर्मा, मनीराम घोटिया, ओमप्रकाश कूकना, सुखदेव महिया, संजय सोनी,कृष्ण नरूला,रजत सोनी, लालचंद तरड़,मोहित सोनी, पवन कुमार मुंजाल और काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे ।


## नाम परिवर्तन

मैं रोहित सचदेवा पुत्र रविन्द्र कुमार सचदेवा निवासी मकान नं. 27 चमड़िया पट्टी-1, वार्ड नं. 27, बसंती चौक, श्रीगंगानगर का रहने वाला हूं। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम रविन्द्र सचदेवा है तथा आधार कार्ड में पिता का नाम रविन्द्र कुमार सचदेवा है। रविन्द्र चदेवा व रविन्द्र कुमार सचदेवा दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। भविष्य में मेरे पिता को रविन्द्र कुमार सचदेवा के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

– शपथकार


# श्रीमद्भागवत कथा का समापन हवन यज्ञ के साथ संपन्न

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़** टाउन के गौशाला परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन रविवार को हवन यज्ञ के साथ विधिवत रूप से हुआ। इस आयोजन की अगुवाई सज्जन बंसल डिंगवाला ने की, जिन्होंने सात दिनों तक भक्तों के लिए कथा का आयोजन किया। कथा के दौरान पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने अपने सरल और प्रभावशाली शब्दों में श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पर्वत की कथा, रासलीला, और भक्तों के प्रति उनकी कृपा के सुंदर प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा का प्रमुख उद्देश्य समाज में धर्म, भक्ति, और सेवा की भावना को जागृत करना था। रविवार को कथा के समापन अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ में विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई, और सभी ने पूर्ण आहुति देकर अपने परिवार व समाज की सुख-शांति की कामना की। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का माहौल देखते ही बनता था। समापन के अवसर पर आयोजक सज्जन बंसल डिंगवाला और लोकेश बंसल डिंगवाला ने कथा वाचक पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव का सम्मान शाल ओढ़ाकर और यथाशक्ति दक्षिणा देकर किया। उन्होंने कथा के माध्यम से धर्म की ज्योति फैलाने के लिए श्री मुरलीधर जी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं को खेलों से जुड़ने तथा नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## मारवाड़ी किंग्स विजेता तथा मारवाड़ी लॉयन्स उप विजेता बनी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सुखाड़िया सर्किल स्थित एसडी कॉलेज खेल मैदान में मारवाड़ी प्रीमियर लीग-2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विविध बिहाणी ने बताया कि प्रतियोगिता में गौरव मित्तल के नेतृत्व में मारवाड़ी लॉयन्स, सुनील गर्ग के नेतृत्व में मारवाड़ी वॉरियर्स, दीपक अग्रवाल 'गिट्टी' के नेतृत्व में मारवाड़ी किंग्स तथा धीरज गोयल के नेतृत्व में मारवाड़ी स्टार्स ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ। प्रतियोगिता में युवाओं को खेलों से जुड़ने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

सचिव हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में पहला सेमीफाइनल मैच मारवाड़ी वॉरियर्स व मारवाड़ी किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें मारवाड़ी किंग्स टीम आसानी से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। दूसरे सेमीफाइनल मैच में एक कड़े मुकाबले में मारवाड़ी लॉयन्स तथा मारवाड़ी स्टार्स की टीम की जीत का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जिसमें मारवाड़ी लॉयन्स के कप्तान विविध बिहाणी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए जीत दिलाकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि फाइनल मैच गौरव मित्तल की टीम मारवाड़ी लॉयन्स तथा दीपक अग्रवाल 'गिट्टी' की टीम मारवाड़ी किंग्स के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मारवाड़ी किंग्स ने 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मारवाड़ी लॉयन्स 75 रन ही बना पाई तथा 22 रन से मारवाड़ी किंग्स ने विजेता का खिताब जीता।



विजेता मारवाड़ी किंग्स टीम के कप्तान दीपक लखोटिया तथा खिलाड़ी शिव सिंगल, चंद्रेश गोयल, रोहित मित्तल, पूर्ण घोड़ेला, मदन सिंगल, अरविंद सचदेवा, पवन खारीवाल, अंकित सिंगल, रजत सरावगी व सुमंत अग्रवाल को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन से अवार्ड मारवाड़ी लॉयन्स के राघव मालपानी तथा बेस्ट ऑलराउंडर अवार्ड से रोहित मित्तल को पुरस्कृत किया गया। कुशल मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी राकेश गोयल मास्टरजी द्वारा किया गया। सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच पदाधिकारी, सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# एसबीआई की मुख्य प्रबंधक श्रीमती मीना ने नंदीशाला का दौरा किया

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी मीना ने सूरतगढ़ स्थित श्री शिव नंदीशाला का दौरा किया। उनके साथ बैंक के प्रबंधक राजेश गुंबर और हर्ष कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुमति शर्मा भी उपस्थित थीं। नंदीशाला के अध्यक्ष अनिल धानुका और प्रबंधक लालचंद जाखड़ ने उन्हें संस्थान की गतिविधियों और प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमती मीना ने नंदीशाला के कार्यों की सराहना की और सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) फंड से नंदीशाला को वित्तीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। श्रीमती शर्मा ने भी छात्रों के लिए ऐसे शैक्षिक दौरों की महत्ता पर बल दिया। यह दौरा नंदीशाला के प्रति समुदाय की बढ़ती जागरूकता और समर्थन का प्रतीक है। सूरतगढ़ की श्री शिव नंदीशाला पशुओं की देखभाल और संरक्षण के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्था है। यहां नियमित रूप से विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों द्वारा दौरे किए जाते हैं, जो पशु कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस दौरे के दौरान, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने नंदीशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और पशुओं की देखभाल के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त की। उन्होंने नंदीशाला के संचालन में और सुधार के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। यह पहल पशु कल्याण के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नंदीशाला के अध्यक्ष अनिल धानुका ने बताया ऐसे दौरों से संस्थान को प्रोत्साहन मिलता है और वे पशुओं की सेवा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर उपस्थित सभी व्यक्तियों ने नंदीशाला के कार्यों की सराहना की और पशु कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह दौरा नंदीशाला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जो भविष्य में और अधिक सहयोग और समर्थन की उम्मीद जगाता है।

# महिला हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले रोमांचक मैच



**हनुमानगढ़।** रविवार को राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पार्षद गुरदीप चहल, हॉकी हनुमानगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह मान, पंडित जसवीर शर्मा, अनुराध चौधरी, सतनाम सिंह और राजेश दादरी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया।

दूसरे दिन के सबसे चर्चित मैच में हनुमानगढ़ और सीकर की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। हनुमानगढ़ ने अपने मजबूत खेल का प्रदर्शन करते हुए सीकर को 2-0 से हराया और अपनी जीत का परचम लहराया। दोनों टीमों ने शुरुआत में रक्षात्मक खेल दिखाया, लेकिन हनुमानगढ़ ने आक्रमण की रणनीति अपनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

दूसरे रोमांचक मुकाबले में बाड़मेर और नागौर की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बाड़मेर ने आखिरी पलों में शानदार खेल दिखाते हुए नागौर को 4-3 से हराया। यह मैच दर्शकों के लिए सबसे रोमांचक साबित हुआ, क्योंकि दोनों टीमें बराबरी पर थीं, लेकिन बाड़मेर ने अंतिम क्षणों में बाजी मार ली।

जयपुर और चुरू के बीच हुए मैच में जयपुर की टीम का दबदबा रहा। जयपुर ने आक्रमणकारी खेल का प्रदर्शन करते हुए चुरू को 6-4 से हराया। जयपुर की टीम ने शुरुआत से ही तेज खेल का प्रदर्शन किया, जिसका चुरू के खिलाड़ी मुकाबला नहीं कर सके।

अलवर और टोंक के बीच हुए मैच में अलवर ने एकतरफा प्रदर्शन किया और टोंक को 3-0 से हराकर शानदार जीत हासिल की। अलवर की टीम ने खेल के हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया और टोंक की टीम को कोई मौका नहीं दिया।

हॉकी हनुमानगढ़ के सचिव हरवीर सिंह सरां ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन 06 जनवरी को दोपहर बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है।

# अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के चुनाव सम्पन्न

## अनिल कुमार अध्यक्ष पद पर नियुक्त

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** रविवार को अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के चुनाव टान पंचायत समिति में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। संघ के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ, जयपुर की ओर से चुरू जिले के अतिरिक्त विकास अधिकारी आनंद कुमार शर्मा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी सदस्यों की सहमति से संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सुनिश्चित किया। निर्वाचन के दौरान सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति और निर्विरोध रूप से किया गया। अनिल कुमार को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया, जो अब संघ की अगुवाई करेंगे। कमल सिंह शेखावत और सुरेश बिलारा को उपाध्यक्ष, विनोद भारती को मंत्री, सुखदेव सिंह को संयुक्त मंत्री, और श्रवण कुमार मीणा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, लेखराम को प्रवक्ता और हुकुम सिंह राठौड़ को प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। चुनाव के पश्चात नव-निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाना मेरा लक्ष्य रहेगा। संघ के सभी सदस्यों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता होगी। संघ का उद्देश्य कर्मचारियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना और उनकी कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाना है। निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि संघ के चुनाव में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया संगठन के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती को दर्शाती है।

# सेवा सहयोग सत्कार फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सेवा सहयोग सत्कार फाउंडेशन की टीम ने आज शाम को जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत एवं बचाव हेतु गर्म कपड़े वितरित किए । अध्यक्ष एडवोकेट आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्यामनगर एवं शिवालय के पास तकरीबन 50 घरो में महिलाओं , बुजुर्गों एवं बच्चों मे कपड़ों का वितरण किया गया। उपाध्यक्ष श्वेता कोछड के अनुसार फाउंडेशन द्वारा हर माह सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में सर्दी में जरूरतमंद लोगों को सर्दी के पुराने एवं नए कपड़े वितरित करने के लिए फाउंडेशन के वाह्टसएप ग्रुप में लोगों से अपील की गई थी। ग्रुप में तकरीबन 500 से अधिक सदस्य सक्रिय हैं। जिनमे से अनेक सदस्यों ने इस मुहिम में आगे बढ़कर सहयोग किया। एमएम पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल ललित चराया, श्वेता कोछड, योगाचार्य देवम्, श्रीमती शिल्पी नीटू जिंदल, डॉल्वी , अंग्रेजसिंह, कुलदीप शर्मा और मीना तिवाड़ी सहित अन्य सदस्यों अपने कपड़े वितरित करने में सहयोग प्रदान किया।



# प्रकाशोत्सव पर विशाल नगरकीर्तन निकाला

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन के निकट गांव गुरूसर में स्थित गुरूद्वारा श्री सिंग सभा में सरवंश दानी साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के 358 वें प्रकाशोत्सव पर विशाल नगरकीर्तन निकाला, ग्रंथी सतनाम सिंह व हरराय सिंह ने ईलाके की सुखशान्ति, खुशहाली, अमनचौन कि अरदास कि। उसके पश्चात पंज प्यारों की अगुवाई में विशाल नगरकीर्तन गुरूद्वारा सिंघ साहिब से शुरू होकर गांव के प्रत्येक गली महोल्ला, 9एस.एस.डब्ल्यू व ढाणीयो होते हुये सायं 6 बजे गुरूद्वारा साहिब में वापीस पहुचा,गुरूद्वारा के सेवादार ने बताया कि भव्य नगरकीर्तन में साधसंगत द्वारा दो दिनों से गांव के रास्ता कि साफ सफाई की गई,जॅहा जॅहा से नगर किर्तण निकलना था वहा पर एक दम पुरा रास्ता साफ कर दिया और विशेष तौर से पधारे गतका पार्टी सुरजीत सिंह गतका र्स्पोट कलब भीडरकलां मोगां जिनके द्वारा अस्त्र शस्त्र का जोहर दिखाये जिससे देखकर साधसंगत दग रहगी । ढाडी जत्थे भाई गुरमीत सिंह खालसा मोंगा से व पंथक रागी जत्था अते हजूरी जत्था ने गुरू के इतिहास का बखान कर संगतों को निहाल किया,उन्होने ने बताया श्री गोविन्द्र सिंह जी ने धर्म,देश अते मजलूमा दी रक्षा लई अपना सरवंश,माता-पिता अते चारे जिगर दे टुकड़े वार के साडी शान अते आन नू बनाये रखा, सो उस चोजी प्रीतक दा उत्सव मनाया जा रहा हे । हैडग्रंथी ने बताया कि कल प्रात 10:00 बजे गुरू साहिब में रखे गये अखण्ड पाठ के भोग डाले जायेगे व खुले दीवान सजाये जायेगे जिस में ढाडी जत्था, कवीसरी, गुणीज्ञाणी, कथावाचक गुरू के इतिहास का बखान करेगे। गुरू का लंगर अटूट बरताया जायेगा। इस मोके पर अमरीक सिंह पूर्व सरपंच,लखवीर सिंह बराड़,मखन सिंह बलासी,

सतनाम सिंह,हरराय सिंह,अग्रेज सिंह,र्स्वण सिंह बराड़,प्रकाश सिंह मान,सरबजीत सिंह गिल, स्वराज सिंह मान,हर्षदीप सिंह ढिल्लो,सुखदीप सिंह बराड़, अजयदीप सिंह ढिल्लो,हरमन सिंह मिस्त्री, संदीप सिंह कंग, रणजीत सिंह बराड़ व गांव गुरूसर व आसपास कि ढाणीयो कि संगत व सेवादारो ने सहयोग किया।



# श्री गायत्री स्मारत महायज्ञ में 3 करोड़ से अधिक आहुति, होंगे अनेक आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री फाउंडेशन एवं वैदिक कायाकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व के सबसे बड़े आयोजन तीर्थराज प्रयागराज में आगामी पूर्ण महाकुंभ के अवसर पर विशेष महायज्ञ किये जायेंगे। एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि पूर्ण महाकुंभ में प्रथम बार अलौकिक अद्वितीय, विलक्षण एक सौ कुड़ीय द्वादश पुरुषचरनात्मक होमआत्मक श्री गायत्री स्मारत महायज्ञ, श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ कोटी अर्चन, अष्टादस पुराण पारायण महायज्ञ, चतुर्वेद पारायण महायज्ञ 13 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025 पर्यंत तक एवं माघी कथा 14 जनवरी 2025 से 12 फरवरी को 2025 पर्यंत एवं श्रीमद् भागवत कथा एवं होमआत्मक श्री ईस्टी स्त्रोत महायज्ञ एवं कई अन्य दिव्य अनुष्ठान किए जाएंगे। एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि सृष्टि कर्ता ब्रह्मा जी के द्वारा सृष्टि का प्रथम यज्ञ तीर्थराज प्रयागराज में ही किया गया था। इस वर्ष आयोजित होने वाले पूर्ण महाकुंभ में एक अद्भुत संयोग बन रहा है जिसमें मंगल कामना के लिए इस सृष्टि में वैदिक यज्ञ ही एकमात्र साधन है।

# महिला हॉकी प्रति. का आगाज

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जंक्शन के राजीव गांधी स्टेडियम में राज्य स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रमुख अतिथियों ने खिला?ियों को खेल की उत्कृष्टता और खेल भावना का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया है, और यह आयोजन राज्य में महिला हॉकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सभापति संतोष बंसल, नगर परिषद निवर्तमान सभापति सुमित रणवां, हॉकी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अरुण सारस्वत, सचिव मित्रानंद पूनिया, एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जुनेजा आदि उपस्थित थे।

# बालाजी बगीची में सेवा का सम्मान समारोह

## सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल का सेवा का सम्मान समारोह आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर की श्री बालाजी बगीची में शनिवार रात हुए जागरण व सेवा का सम्मान समारोह में खूब जयकारे लगे। मौका था सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के 50 वें स्वर्णिम महोत्सव के तहत सेवा सम्मान समारोह का। इसमें चानणा धाम के महंत व मंडल के 50 साल से जुड़े पुराने सदस्यों ने भाग लिया। सभी का स्वागत सत्कार व मान सम्मान हुआ। इसके साथ-साथ सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के 300 से अधिक सेवादारों का भी सम्मान हुआ।

सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने बताया कि भजन मंडल ने वर्ष 2025 में 50 में वर्ष में प्रवेश किया है इस उपलक्ष में मंडल की ओर से स्वर्णिम महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में शनिवार रात सेवा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें उन वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 50 वर्ष इस भजन मंडल की स्थापना की थी एवं तब से लेकर लगातार भजन मार्ग से जुड़े हुए हैं। भजन मंडल के पुराने सदस्य और वर्तमान में चानणा धाम के महंत गोपी राम जी बगड़िया, श्री बालाजी धाम से गोकुल जैन, श्री बालाजी भजनी संघ के सतीश गुप्ता, अनिल चिड़िया व अन्य कई वरिष्ठ सदस्यों का भी सम्मान किया गया। इसके साथ-साथ वर्तमान में सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले भजन मंडल के माध्यम से भक्ति की गंगा प्रवाहित करने वाले सुरेंद्र चौधरी, हनुमान प्रसाद चनाणी, सेठ शंकर लाल बजाज, बनवारी लाल मीणा, श्याम सुंदर सिंह घोटू, मदन गोपाल चौधरी, रामेश्वर वर्मा, राजकुमार सिंगल, सुरेंद्र सिंगल पुजारी, बृजलाल सिंगल, सुरेश जी भूप, नरेश बंसल, सुरेश सिंगल, अशोक नागपाल सहित सोहनलाल रोकना, दिनेश अग्रवाल, ऋषि कुमार शास्त्री, सुशील सिंगल का भी सम्मान किया गया। उन्हें शाल ओढ़ाकर एवं श्रीफल देते हुए साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।



**भजन मंडल के 300 से अधिक सेवादार सम्मानित :** इस कार्यक्रम में सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के 300 से अधिक सेवादारों को सम्मानित किया गया जो की हर मंगलवार व शनिवार को होने वाले जागरण, सुबह राम नाम संकीर्तन, पांच दिवसीय अखंड राम नाम संकीर्तन एवं मंदिर के अन्य धार्मिक आयोजनों में सेवा कार्य करते हैं। इसके साथ-साथ मंडल में गायन वादन करने वालों का भी सम्मान किया गया।

भजनों से गूंजी श्री बालाजी बगीची- इस कार्यक्रम में भजन मंडल के मुख्य कलाकार श्री सुरेंद्र सिंघल ने बालाजी बैठा है जो लेना है सो मांग ले एवं बृजेश तलवार ने चानणा धाम का मुख्य भजन चानणा पुजवाया... प्रस्तुत किया तो वहां पर बैठी संगत झूम उठी। मंडल के वरिष्ठ सदस्य श्री मदन गोपाल अग्रवाल, विशाल भट्ट सहित अन्य सदस्यों ने भी भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद कड़ी खिचड़ी का भोग लगाया गया एवं आरती हुई।

# भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**गोलूवाला।** भारतीय किसान संघ तहसील के ग्राम ईकाई 21, 23 एमओडी प्रथम, द्वितीय,1-3 एचडीपी में ग्राम ईकाई अध्यक्ष राजेन्द्र डेलू,राजेन्द्र छींपा,राकेश गोदारा व जश्न ढिल्लो की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।बैठक में किसानो को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने संगठन की रीति नीति से अवगत करवाया ।इन्होंने कहा की लोगों को अपनी आवाज उठाने के लिए किसान संघ के जैसे अच्छे राष्ट्रवादी संगठन से जु?ना अतिआवश्यक बताया गया और किसानों को जैविक खेती से जुड़ने की भी बात की गई ।साथ ही फसल अच्छी हो इसके लिए कृषि के भगवान श्री बलराम से प्रार्थना की गई ।इन्होंने 1 से 8 तारीख तक हर महीने ग्राम ईकाई की बैठक करवाने की बात रखी ।बैठक में भारतीय किसान संघ हनुमानगढ़ जिला जैविक प्रमुख महेन्द्र गाट, तहसील जैविक प्रमुख श्योपत गोदारा, तहसील उपाध्यक्ष महावीर भांभू, युवा प्रमुख विजय गोदारा उपस्थित रहे।

## 7 से 15 जनवरी तक निकाली जाएगी बाबा रामदेव सामाजिक समरक्षता यात्रा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व हिंदू परिषद की एक बैठक रविवार को बाबा रामदेव सामाजिक समरसता यात्रा के संदर्भ में उमाशंकर जी मित्तल के सानिध्य में हुई में हुई इस बैठक में 7 जनवरी को घड़साना से शुरू होने जा रही बाबा रामदेव समरक्षता यात्रा की तैयारी के बारे में चर्चा की गई। इसी के साथ यात्रा प्रचार प्रसार, बाइक रैली, कलश यात्रा, प्रसाद, सभा स्थल, संत का सानिध्य, धन संग्रह, व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा हुई चर्चा के बाद यात्रा कार्यकर्ताओं के दायित्व की घोषणा की गई इस बैठक में लगभग 20 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह यात्रा 7 जनवरी को घड़साना से शुरू होगी जो अनूपगढ़, पीलीबंगा, हनुमानगढ़ से चलती हुई 15 जनवरी को श्रीगंगानगर में समापन होगी।

# गुरू गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगरकीर्तन का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** रविवार को गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा गुरू गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर एक विशाल नगरकीर्तन का आयोजन किया गया। नगरकीर्तन गुरूद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में निकाला गया, जिसे शहरभर में भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं और गुरुद्वारा सेवादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगरकीर्तन की शुरुआत गुरूद्वारा साहिब से हुई, जहां गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान नक्षत्र सिंह ज्वालासिंह वाला और पूर्व प्रधान इन्द्र सिंह मक्कासर ने क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए अरदास की। अरदास के बाद सेवादारों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात नगरकीर्तन विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए शहरभर में निकला, जहां हर स्थान पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की और भण्डारे लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। नगरकीर्तन में शामिल भक्ति रचनाएं और शबद कीर्तन ने माहौल को और भी अधिक भव्य



बना दिया। नगरकीर्तन के मार्ग पर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण था। विभिन्न स्थानों पर सेवादारों द्वारा जगह-जगह लंगर और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। शहरवासियों ने नगरकीर्तन का अभूतपूर्व स्वागत किया और इस आयोजन को धर्म और भाईचारे की मिसाल के रूप में देखा। हैड ग्रंथी प्रीतम सिंह ने बताया कि गुरू गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 4 जनवरी से गुरूद्वारा साहिब में श्री अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया था। इसके भोग का आयोजन 6 जनवरी को टाउन और जंक्शन दोनों गुरूद्वारों में एक साथ किया जाएगा। इसके बाद एक विशाल समागम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें गुरू गोबिन्द सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं पर चर्चा की जाएगी। नगरकीर्तन के आयोजन में गुरूद्वारा मैनेजर राजेन्द्र सिंह, रूट पायलट जोगेन्द्र सिंह मठाडू, सुखमन्द्र सिंह और जंगीर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने नगरकीर्तन की सभी व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया और इसे अत्यधिक श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न कराया।

## पदमपुर मार्ग के दोनों तरफ सरकारी भूमि में डाली लकड़ी व रुडी हटवायी



**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार चूनावढ के निकट गांव ततारसर में शनिवार को उप तहसीलदार चूनावढ श्री मनजीत सिंह संधू सरपंच निर्मला टाक सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ टाक उप सरपंच प्रतिनिधि महावीर प्रसाद सुथार ग्रामवासियों कि मौजूदगी में श्री गंगानगर से पदमपुर मार्ग के दोनों तरफ सरकारी भूमि में डाली गई लकड़ी व रुडी हटवायी जा रही है चूंकि सड़क किनारे रूड़ी व लकड़ी होने से दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। सभी ग्रामवासियान को सूचित किया जाता है कि श्रीगंगानगर से पदमपुर मार्ग के दोनो तरफ रखी गई रुडी व लकड़ी अपनी अपनी कल 1-00 बजें तक हटा लेवे अन्यथा पीडब्ल्यूडी डी विभाग द्वारा जब्त कर ली जावेगी तथा लगने वाला हर्जा खर्चा आपसे वसूला जाएगा। उच्च अधिकारियों को सुखे पेड़ हटाने का निवेदन किया गया जिसे स्वीकार करते हुए अति शीघ्र ही ततारसर चूनावढ के मध्य सूखे पेड़ भी हटाये जाने है ताकि तेज हवा तूफान से गिरकर कोई जान माल का नुकसान ना हो सके।

# 5वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया जोश, विजेताओं को किया सम्मानित

**हनुमानगढ़।** खेल और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बाबा सोमारनाथ स्पोर्ट्स क्लब सहारणी द्वारा जंक्शन के सिविल लाइन ग्राउंड में 05वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 4 से 14 वर्ष तक के बच्चों के बीच खेली गई, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का दिल जीता। कार्यक्रम में कुल 81 बच्चों ने विजेता पदक जीते, जबकि 8 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को बेस्ट किड्स चैंपियन÷का खिताब देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय थे। उनके साथ नेहरू युवा केंद्र की रीना केसरिया, साइकलिंग संघ के अध्यक्ष मदनलाल सुथार, समाजसेवी दिलीप वर्मा, राजेश दादरी, और युधिष्ठर गक्खड़ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन अवार्डी जगसीर सिंह ने की। अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और उनके प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण



विकास में सहायक होते हैं। मुख्य अतिथि तरुण विजय ने अपने संबोधन में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा, ÷खेल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने और अनुशासन सिखाने का सबसे अच्छा माध्यम हैं। सुनील सामरिया और उनकी टीम का यह प्रयास प्रेरणादायक है।÷ उन्होंने बच्चों को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपने खेल में निष्ठा और लगन के साथ आगे बढ़ें। क्लब संरक्षक सुनील सामरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों से किसी भी प्रकार की एंट्री फीस नहीं ली गई। इसके साथ ही बच्चों के लिए जलपान और खाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई, ताकि वे बिना किसी बाधा के खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को उभारना है। क्लब अध्यक्ष हंसराज बिश्नोई, सचिव ताराचंद कंबोज, उपाध्यक्ष राधेराम सहारण, दलीपराम थोरी, सहायक कोच कंवरपाल, लखविंद्र सिंह धालीवाल, एडवोकेट दीपक सोनी, एथलीट ओमप्रकाश, और योग शिक्षक रमेश अरोड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न गांवों से आए कोचों ने इस आयोजन में सहयोग दिया।

## जागरण का आयोजन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** जय श्री श्याम परिवार कला मण्डल हनुमानगढ़ द्वारा मनाये जा रहे श्रीश्याम महोत्सव के अंतर्गत गतरात्रि को विशाल जागरण का आयोजन रॉयल पैराडाईज पैलेस हनुमानग? टाउन की धरा पर हुआ । श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया । इस जागरण के मुख्य अतिथि पवन बंसन ने सपरिवार पूजा अर्चना कर ज्योति प्रवज्वलित की । ज्योति प्रवज्वलित के पश्चात बाबा की आरती कर जागरण का शुभारम्भ गणेश वंदना से किया । बाबा के सुंदर सुंदर भजन जय श्री श्याम परिवार कला मंडल के सदस्यों, भजन सम्राट दिनेश शर्मा, गौरव बजाज, विकास मोदी, विक्टर गर्ग, पवन स्वामी द्वारा बाबा के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया। जागरण में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया उस पर आकर्षक श्रंगार सजाया गया।

## हादसों को निमंत्रण दे रहा गंदे पानी का खुला चैंबर

**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** कस्बे के वार्ड नंबर 12 में घरों के गंदे पानी की पाइपलाइन का खुला चैंबर हादसों को निमंत्रण दे रहा है वहीं कई वाहन इस खुले चैंबर के टूटे पत्थर के कारण बने गड्ढे में रात्रि में इसी वार्ड के संदीप कुमार केअलावा बिती रात को लवप्रीत सिंह कामरा की बाइक सहित इस खुले चैंबर में गिर गया था जिसे मामूली चोटे भी लगी क्योंकि रात्रि में खुला चैंबर दिखाई नहीं देता जिस कारण सदैव हादसे का अंदेशा बना रहता है पिछले लंबे समय से इस खुले चैंबर की और ग्राम पंचायत भी ध्यान नहीं दे रही है। वहीं इस मार्ग से स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है इस खुले चैंबर से हर समय दुर्घटना का भय सताता रहता है नागरिकों ने बताया कि सड़क के बीचों बीच दो खुले चैंबरों ने बड़ा गड्ढे नुमा आकर ले रखा है हालांकि बचाव के लिए



यहां के लोगों ने खुले चैंबर पर एक लकड़ी का टुकड़ा रखा हुआ है जो रात्रि के समय दिखाई नहीं देता यह खुला चैंबर इसी गली के धनाढ्य व समाजसेवी लोगों के घरों का मल मूत्र का गंदा पानी निकासी की पाइपलाइन डाली हुई है जिसके दो खुले चैंबर हादसो को नयौता दे रहे है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इस गली के लोगों के घरों का गंदा पानी अंडरग्राउंड पाइप लाइन से जोहड़ में डाला जा रहा है जोहड़ के आसपास के लोगों ने पाइप डालने के समय विरोध भी किया था लेकिन कोई सुनवाई तक नहीं हुई थी जिससे उनका जीना दूभर हो रहा है पाइप डालने वाले निकम्मे लोग न ही तो खुले चैंबरों के टूटे पत्रों को नहीं लगा रहे हैं जिससे आमजन व वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व में भी कई बार समाचार प्रकाशित हुए लेकिन इन खुले चैंबरों की ओर न ही तो प्रशासन ने ध्यान दिया जिससे आमजन लोग परेशान हैं।

# बेबी हैप्पी मॉर्डन पीजी कॉलेज में संभाग स्तरीय युवा महोत्सव

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकार लेंगे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा
- प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने का मौका

**हनुमानगढ़।** राज्य के दुर्लभ, लुप्त कला एवं संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में ब्लॉक, जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। इसी सिलसिले में बीकानेर सम्भाग का संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का भी आयोजन इस बार हनुमानगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। सीडीईओ श्री पन्नालाल कड़ेला ने रविवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन सोमवार, 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे से हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में होगा। एक दिवसीय महोत्सव में संभाग के तीनों जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर और हनुमानगढ़ के युवा हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री हंसराज जाजेवाल ने बताया कि राजस्थान की संस्कृति व कला को सुरक्षित करने के लिए युवा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। जिला स्तर के विजेता प्रतिभागी



एक दिवसीय संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। संभाग स्तर पर विजेता रहने वाले युवा प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में पांच घटकों में 13 इवेंट होंगे। महोत्सव में तीन जिलों के 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। संभाग स्तर के विजेता 8 से 10 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर से विजेता राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के विजेता जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा महोत्सव में कला का प्रदर्शन करेंगे। मीडिया ब्रीफिंग में बेबी हैप्पी मॉर्डन पीजी कॉलेज के निदेशक श्री तरुण विजय ने बताया कि जिले में पहली बार संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में जिला कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, आमजन को आमंत्रित किया गया है। विजेता युवा प्रतिभागियों को कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। युवा महोत्सव का उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करना तथा उन्हें प्रशिक्षण एवं सुविधा देकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयार करना है ताकि कलाकारो को स्वावलंबी बनाया जा सके।

## युवा महोत्सव का आयोजन आज

**हनुमानगढ़।** संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग द्वारा युवाओं के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करते हुए, आगामी 6 जनवरी को संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हनुमानगढ़ के बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में किया जाएगा। इस महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर शनिवार को कॉलेज परिसर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेला ने की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बेबी हैप्पी मॉर्डन पीजी कॉलेज के निदेशक तरुण विजय ने कहा कि यह कॉलेज के लिए गर्व की बात है कि संभाग स्तरीय युवा महोत्सव जैसा बड़ा आयोजन उनके संस्थान में हो रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉलेज प्रशासन इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है।

# मासिक विराट भजन संकीर्तन का आयोजन




जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री बालाजी श्री किशन पितर जी धाम मुखिया भक्त शिरोमणि प्रेमा बाई के पावन सानिध्य में मासिक विराट भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। भक्त शिरोमणि प्रेम बाई व मंदिर के भक्त लेखराम सैन ने किशन पितर जी महाराज के दरबार में सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया, सुंदरकांड समिति के हरिराम मोदी, रमेश दाधीच ने संगीत मय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। मुख्य यजमान बीकानेर निवासी वीणा अग्रवाल परिवार, अर्जुनसर निवासी रामचंद्र स्वामी के पुत्र पूनम चंद स्वामी परिवार व सूरतगढ़ निवासी विजय सिंह राहड़ परिवार ने विशेष पूजा अर्चना करके लंगर भंडारे का भोग लगाकर भंडारे में ब्राह्मण भोजन के करवाकर भंडारे का शुभारंभ किया। मंदिर की मुख्य भक्त शिरोमणि प्रेमा बाई, मंदिर प्रबंधन कमेटी की प्रबंधक ममता चौहान ने आरती करके लंगर भंडारे में प्रसाद वितरण किया। धर्म प्रेमी तोलाराम स्वामी ने बताया श्री पितर जी मंदिर में दिन में सुबह से लेकर शाम तक भव्य भजन संकीर्तन कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया, श्री किशन पितर जी के राजस्थानी लोकभजन गायक ओम जी राठी, शिवजी ओझा, नीरु राणा सहित कलाकारों ने श्री किशन पितर जी महाराज के भजनों का यशगान किया । मंदिर प्रवक्ता आशीष स्वामी ने बताया मासिक भजन संकीर्तन के भव्य कार्यक्रम में पूर्व विधायक गंगाजल मील, गणेशाराम ढूंढिया सहित भारत के कोने कोने से आए श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ण के लिए भक्त शिरोमणि प्रेमाबाई का आशीर्वाद लिया। व्यवस्था प्रभारी डॉ विशाल छाबड़ा की देखरेख में हर माह की तरह इस बार भी भव्य कार्यक्रम सूरतगढ़ धाम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।लंगर भंडारा प्रभारी प्रताप सिंह महला की देखरेख में श्रद्धालुओं के लिए अटुट लंगर बरताया गया। लंगर भंडारे में ईमीलाल भाटिया, रूपराम वर्मा, मोहनलाल सुथार, परतूराम वर्मा, सुरेंद्र कुमार, अशोक राजपुरोहित, हवाई सोमपाल, महिपाल, अर्जुनसर के हंसराज वर्मा, बीझवायला के पवन कुमार सहित सेवादारों ने भोजन बनाने की व्यवस्थाओं में सेवाएं दी।

## कांग्रेस सेवा दल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** महाराजा अग्रसेन भवन में कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष अश्वनी पारीक का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। इस आयोजन ने कांग्रेस सेवा दल में नई ऊर्जा और जोश भरने का कार्य किया। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद कुलदीप इंदौरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया ने की। अन्य विशिष्ट अतिथियों में पीसीसी महासचिव फुल सिंह ओला, श्रीगंगानगर प्रभारी जिया उर रहमान, जॉन प्रभारी कमल कल्ला, संभाग प्रभारी विमल भाटी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दादरी, जिला प्रमुख कविता मेघवाल, सूरतगढ़ विधायक डूगरराम गेदर शामिल रहे।

# केमिस्टों ने श्रीगंगानगर को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया

## नव वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ मिलन समारोह

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत पुरानी आबादी के कैमिस्टों की ओर से नव वर्ष 2025 के आगमन पर रविवार को होटल चंद्रलोक में नववर्ष स्वागत एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस संगीतमय कार्यक्रम में एडीसी अशोक मित्तल, विधायक प्रतिनिधि हिमांशु बहाणी, ड्रग इंस्पेक्टर अमनदीप कौर, श्रीमती श्वेता छाबड़ा, श्रीगंगानगर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र चुघ राजा, सुखपाल भुल्लर आदि अतिथि मंचासीन थे।



सहायक औषिधी नियंत्रक अधिकारी अशोक मित्तल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जिले ओर प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। यदि कोई नशे की दवाओं की बिक्री करता है, तो इसकी सूचना तुरंत औषधि नियंत्रक विभाग को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी नशे पर लगाम के लिए काफी प्रयास कर रही है। नशे का कारोबार करने वालों पर सख्ती की जा रही है। इस अवसर पर पुरानी आबादी के केमिस्टों ने श्रीगंगानगर को नशामुक्त बनाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में श्रीगंगानगर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र चुघ राजा सहित अन्य अतिथियों ने भी जले से नशे को खत्म करने के लिए एकजुटता से प्रयास पर जोर दिया। प्रवक्ता इंद्रजीत नागपाल ने बताया कि हरीश अरोड़ ने गीत संगीत से कार्यक्रम में रंगत ला दी। उनके गाय गीतों पर उपस्थित सभी केमिस्ट आनंद के साथ झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में रामलाल सुखिजा, रजनीश मरवाहा, राजकुमार गुंबर, कृष्ण लाल देवरथ, सुनिल गुप्ता, अशोक राजपाल, विजय छाबड़ा, विकास जोशी, अनवर खान, सतीश चुघ, विनोद मनचंदा, पंकज सुखिजा, करण नागपाल, दिनेश कालड़ा, हरीश सनेजा, ग्रिश छाबड़ा, मुकेश छाबड़ा, डॉ. एसएल सिडाना, पवन मदान, राम प्रताप वर्मा, पवन कामरा, जसवंत सिंह, डॉ. बलवीर सिंह, निरंजन सिंह, रमेश मुटेजा, राजेंद्र कुमार बुटी, अजय सिडाना, कालू राम कुक्कड़, नितिन भारद्वाज, तरसेम सिंह, बूटा सिंह, दलीप मदान, रोहताश सांगवान, लक्ष्मण सहित बड़ी संख्या में दवा विक्रेता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क दंत जांच एवं फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रोटरी क्लब श्रीगंगानगर रॉयल तथा आरसीसी क्लब, अरायण के संयुक्त तत्वाधान में नववर्ष का आगाज स्वास्थ्य जागरूकता अभियान से करते हुए निःशुल्क दंत जांच एवं फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब रॉयल के रोटे. अशोक कटारिया ने बताया कि सुरेंद्र डेंटल कॉलेज के सहयोग से श्रीगंगानगर के निकटवर्ती ग्राम आरायण में लगाए गए एक दिवसीय निःशुल्क दंत जांच एवं फिजियोथेरेपी शिविर को लेकर ग्रामवासियों तथा क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस शिविर में 87 मरीजों का परीक्षण तथा उपचार किया गया। इस मौके पर ग्रामवासियों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए दांतों की नियमित सफाई तथा उचित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने दांतों में होने वाली बीमारियों, समय पर उनके इलाज तथा दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि दांत हमारे मुख के सौंदर्य को बढ़ाते हैं तथा खराब दांतों से असहनीय पीड़ा के साथ-साथ हमारी पाचन शक्ति भी प्रभावित होती है। इसलिए दांतों की नियमित सफाई, देखभाल तथा समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है।

निःशुल्क दंत जांच एवं फिजियोथेरेपी शिविर के सफल आयोजन के लिए रोटरी क्लब रॉयल अध्यक्ष एडवोकेट दीपक जैन, राम पाल सिंह, अनिल गांधी तथा आरसीसी क्लब अरायण के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब श्रीगंगानगर रॉयल द्वारा चिकित्सकों तथा आरसीसी क्लब अरायण के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सबका आभार व्यक्त किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटे. राम पाल सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए लगाए गए इस शिविर की ग्रामवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की तथा रोटरी क्लब श्रीगंगानगर रॉयल व आरसीसी क्लब अरायण को साधुवाद दिया। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों

# राजस्थान सरकार ने बदला परीक्षा का नाम

**● राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम का नाम अब मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान**

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की योग्यता जांचने के लिए होने वाली परीक्षा का नाम राज्य सरकार ने बदल दिया है। अब तक इस परीक्षा का नाम राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम (आरकेएसएमबीके) था, जिसे बदलकर अब मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान (एमएसआरए) कर दिया गया है। शिक्षा विभागीय परीक्षा के पंजीयक ने इस नए नाम के साथ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पंजीयक नरेंद्र कुमार सोनी ने एक आदेश जारी करके सभी डाइट प्रिंसिपल को कक्षा तीन से आठ के स्टूडेंट्स के लिए जनवरी में ही परीक्षा आयोजित करने के




निर्देश दिए हैं। इन क्लास के स्टूडेंट्स हिन्दी, अंगेजी, गणित विषय की परीक्षा देंगे। स्टूडेंट्स जिस क्लास में पढ़ रहे हैं, उससे पहले वाली क्लास से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे ताकि ये स्पष्ट हो सके कि स्टूडेंट्स को पिछली कक्षा की शिक्षा प्राप्त है या नहीं? जो स्टूडेंट्स इस परीक्षा में कमजोर साबित होंगे, उन पर अतिरिक्त मेहनत की जाएगी। शिक्षक संगठन आरकेएसएमबीके को बंद करने की मांग कर रहे थे, क्योंकि इस परीक्षा के चलते वार्षिक परीक्षा से पहले पढ़ाई का नुकसान होता है। ऐसे में अधिकांश संगठनों ने कांग्रेस राज में शुरू हुई इस परीक्षा को बंद करने का इंतजार कर रहे थे लेकिन अब इसका सिर्फ नाम बदला गया है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि इस परीक्षा के कारण सरकारी स्कूलों में काफी दिनों तक पढ़ाई ठप हो जाती है।

# हिमांशु बिहाणी ने गोविंदपुरा में किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के महासचिव हिमांशु बिहाणी ने सोमवार को विधायक जयदीप बिहाणी के प्रतिनिधि के रूप में 18 जीजी (गोविंदपुरा) में तीसरा शुद्ध ग्रामीण नैशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। 18 जीजी युवा क्लब की ओर से सरकारी स्कूल के निकट शुरु हुई प्रतियोगिता में हेतराम पूनियां, ओमप्रकाश महला, इन्द्रजीत झाझड़िया, नवनीत खेरवा (पीटर), जयप्रकाश रणवां, दयाराम ताखर, ओंकार छिंपा, रामकुमार महला, सहदेव पूनिया, लखीराम चाहर, भागीरथ बागड़वा, कृष्णलाल खेरवा, लखीराम साईं, सुशील मेहरड़ा, आशुतोष, रामप्रताप खेरवा, चानणराम, मनफूलराम, संदीप



चाहर, मोहनलाल पूनिया, महेन्द्र खेरवा, सुभाष नाथ ने विधायक प्रतिनिधि हिंमाशु बिहाणी का माल्यार्पण स्वागत किया। हिमांशु बिहाणी ने कहा कि खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

# श्रीगंगानगर में कोहरे में आई कमी, विजिबिलिटी क्लीयर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में सोमवार को कोहरे में कमी आई। विजिबिलिटी क्लीयर रही वहीं सर्दी काफी तेज हो गई है। सुबह के समय बादल छाए हुए है। सर्दी के असर से शहर में सुबह सड़कों पर आवाजाही कम रही। हालांकि बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान बड़ा है लेकिन सर्दी का तेज असर आम



आदमी को प्रभावित कर रहा है। उसका दैनिक कामकाज सामान्य दिनों के मुकाबले देरी से शुरू हो रहा है। सोमवार को बाजार में सुबह नौ बजे तक रौनक नहीं थी, वहीं कामकाजी लोग सर्दी से बचाव के तमाम इंतजाम के साथ निकले। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगले चौबीस घंटे में सर्दी में और तेजी आएगी। इस दौरान हवा में नमी बढ़ेगी और सर्दी में तेजी आएगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान घटेगा। जिले के कई इलाकों में कोहरे का असर भी रहने की संभावना है। जिले में सर्दी का असर तेज होने से सुबह कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए निकले स्टूडेंट्स परेशान हुए। वहीं फल-सब्जी और दूध के विक्रेताओं का भी यही हाल था। सर्दी के असर को देखते हुए इन दिनों ऊनी कपड़ों के अस्थाई बाजार सजने लगे हैं।

**जनमार्ग पढ़ें**
**ताजा खबरें**
**ज्यादा खबरें**

# नोजगे की ज्योति खेलेगी नेशनल प्रतियोगिता

**● राजस्थान टीम में बनाई जगह**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नोजगे पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 की छात्रा ज्योति का चयन 68वीं नेशनल स्कूली गेम्स हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह राजस्थान टीम की ओर से खेलेगी। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ़ ने ज्योति से नेशनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



प्राचार्य निम्फिया रेड्डी सूदन ने बताया कि इस नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना में होगा। यह प्रतियोगिता 10 से 14 जनवरी तक खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए राज्यभर से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इन 25 खिलाड़ियों में जगह बनाने के बाद ज्योति का चयन 16 सदस्यीय राजस्थान टीम में किया गया है। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरदीप सिंह बराड़ व हैंडबॉल कोच इन्द्राज ने बताया कि ज्योति इससे पूर्व भी वेस्ट ज़ोन व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। ज्योति को इस प्रतियोगिता के लिए स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर (जनरल) सुरेन सूदन, प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ़ सदस्यों ने अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर एडवोकेट धारीवाल ने जताई चिंता

**● पुलिस अधीक्षक से कड़े कदम उठाने की मांग**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के पूर्व सचिव एडवोकेट संजय धारीवाल ने शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक से कड़े कदम उठाने की मांग की है। एडवोकेट धारीवाल ने कहा है कि इन घटनाओं से अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं और नागरिको में डर का माहौल बना है। एडवोकेट धारीवाल ने रोष प्रकट किया है कि चोरी की घटनाओं में थाने में जल्द से मुकदमा दर्ज न होना जाहिर करता है कि पुलिस आंकड़े छुपाने में लगी है रही। एडवोकेट धारीवाल ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक से गस्त बढ़ाने की मांग की है।ताकि इन घटनाओं पर अंकुश लग सके।



# जन्मदिन मुबारक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** चेरिल के पहले जन्मदिन पर पिता-माता विकास सिंह-महिमा सिंह, समरपाल सिंह-उर्मिला सिंह (दादा-दादी), पंकज सिंह, आकास प्रताप (बड़े पापा), नानी-नाना, मामी-मामा, मौसी-मौसा व समस्त रिश्तेदारों मित्रों व शुभचिंतकों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

# चोरों ने तोड़े खोखे, सामान चोरी

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** फाजिल्का में चोरों ने सब्जी का काम करने वाले लोगों के खोखे तोड़ दिए गए, जिसमें पड़ा गैस सिलेंडर, वजन वाला कंडा, 10 किलो लहसुन समेत अन्य सामान चोरी कर लिया गयाञ सब्जी विक्रेता सात के समय घर गए हुए थे। सोमा रानी ने बताया कि वह कचहरी के पास सब्जी बेचने का काम करते है। रोजाना की तरह वह कारोबार से अपने घर लौट गए द्य पास में बने लकड़ी के खोखे में सारा सामान रख चले गए द्य जब सुबह आकर देखा, तो उनके द्वारा यहां बनाए गए खोखे टूटे हुए मिले द्य जिसमें रखा गैस सिलेंडर, वजन वाला कंडा, 10 किलो लहसुन, करेट व अन्य सामान चोरी हो गया है। सोमा बाई ने कहा कि उनका करीब 15 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

# एसआई भर्ती मामले में कोर्ट ने जताई नाराजगी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** एसआई भर्ती 2021 मामले में ट्रेनिंग ले रहे एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि आज सुनवाई करते हुए एसआई भर्ती मामले में हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई। मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि हर हाल में 18 नवंबर के दिए गए यथास्थिति के आदेश का पालन होना चाहिए। वरना कोर्ट के अवमानना मानी जाएगी। हाईकोर्ट ने मामले में जवाब देने के लिए सरकार को दो दिन का समय दिया है। अब गुरुवार को होगी मामले की सुनवाई होगी। दरअसल, पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड एडीजी विपिन कुमार पांडेय की तरफ से जारी आदेशों में 2021 के सभी ट्रेनी एसआई को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए आवंटित रेंज के जिलों में भेजने को कहा गया था।



याचिकाकर्ता कैलाश चंद शर्मा ने पुलिस मुख्यालय के आदेश पर रोक लगाने के लिए स्टे एप्लिकेशन दायर की है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट ने मूल याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 नवंबर को पूरी भर्ती में यथास्थिति के आदेश दिए थे, लेकिन सरकार यथास्थिति के आदेश की पालना नहीं कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि सरकार ने मामले में जवाब पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा था। सरकार ने एक महीने बाद भी जवाब पेश नहीं किया। वहीं, उल्टा कोर्ट के आदेश की अवमानना करते हुए ट्रेनी एसआई को फील्ड में भेजने के आदेश जारी कर दिए।

# सेंसेक्स में 1200 अंक से ज्यादा की गिरावट

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 6 जनवरी को सेंसेक्स में 1200 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 77,980 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 390 अंक की गिरावट है, ये 23,610 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और 1 में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 48 में गिरावट और 3 में तेजी है। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 3.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस का भारत में दूसरा केस मिला है। सोमवार को 3 महीने की बच्ची में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नाम का संक्रमण मिला। एचएमपीवी वायरस खांसने और छींकने से फैलता है। इस वायरस के देश में फैलने की आशंका का असर बाजार पर दिख रहा है। फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स लगातार बिकवाली कर रहे हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में अब तक 4,285 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई है।

# एक हजार नशे के कैप्सूल सहित 2 गिरफ्तार

**● हिंदुमलकोट और जवाहर नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जिले की हिंदुमलकोट और जवाहर नगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग आरोपियों को एक हजार नशे की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। एक आरोपी से तीन और अन्य से सात सौ गोलियां मिलीं। पुलिस ने दोनों से नशे की गोलियों के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की है। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को संविधान चौक के आसपास के इलाके में नशीली गोलियां बेचने की सूचना मिली थी। इस पर एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में टीम भेजी गई। यहां एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। यह युवक संविधान चौक से ओवरब्रिज की ओर जाने वाले रास्ते पर नशीली गोलियों की बिक्री कर रहा था। रोककर तलाशी ली तो आरोपी के पास तीस पत्तों में रखी 300 गोलियां मिलीं। आरोपी ने बताया कि उसका नाम सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू पुत्र प्रभुदयाल है। उसके पास बिक्री राशि साढ़े चार हजार रुपए भी मिले। इसी तरह हिंदुमलकोट थाना पुलिस को गांव तीन बी की रोही में एक व्यक्ति के पास नशीली गोलियां होने की सूचना मिली। इस पर एएसआई सत्यप्रकाश के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। यहां गांव चार बी बड़ी का मंशासिंह उर्फ मंशु उर्फ मच्छर पुत्र दीवानसिंह गोलियां बेचते मिला। उसके पास 700 गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से नशे के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।



## आर्मी जवान के घर से जेवरात ले उड़े चोर

**चूरू (जनमार्ग न्यूज)।** सदर थाना क्षेत्र के वार्ड 31 में आर्मी जवान के बंद घर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात सामने आई है। यहां अज्ञात चोरों ने कमरों अलमारी के ताले तोड़कर ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण किया। आर्मी जवान पवन सिंह पिछले 15 दिनों से अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश गया हुआ था। पीछे से घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे।

# योग्यता और गुणों के आधार पर हो पहचान : तिवाड़ी

**● लेखक से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वरिष्ठ साहित्यकार अनुपमा तिवाड़ी (जयपुर) ने कहा है कि मैंने ब्राह्मण के घर जन्म लिया, इसमें मेरा क्या योगदान है। मैं किसी दलित के घर भी जन्म ले लेती तो मेरा कोई दोष थोड़ा ही होता। भला जिसमें हमारा कोई योगदान ही नहीं है, फिर उस जाति पर दंभ करने का क्या औचित्य है? हमें अपनी योग्यता और गुणों के आधार पर पहचाना जाना चाहिए, न कि जाति और धर्म के नाम पर। वे रविवार को सृजन सेवा संस्थान के मासिक कार्यक्रम 'लेखक से मिलिए' की 124वीं कड़ी में जवाहरनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर में बतौर लेखक संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आरंभ में उन्हें भी अपने परिवार से ऐसे ही संस्कार मिले थे, मैं भी अपने ब्राह्मण होने पर बहुत गर्व




करती थी, लेकिन धीरे-धीरे समझ आया कि इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। मेरा योगदान तो मेरे कार्य और मेरी योग्यता से ही इस समाज को मिल पाएगा। वही मेरी पहचान होगा। उन्होंने स्त्री विमर्श पर आधारित अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कोचिंग के दबाव को लेकर उन्होंने अपनी एक कहानी भी पढ़ी। स्त्री को केंद्र में रखकर उन्होंने बहुत मार्मिक और संवेदनाओं को झकझोरने वाली कविताएं सुनाई। उनकी एक कविता थी- कभी मत पालना यह भ्रम/ कि तुम देवी हो,/ तुम शक्तिस्वरूपा हो,/ तुम रोक सकती हो मौत को भी।/ यदि ऐसा होता तो/ तुम, बलात्कार रोक पातीं/परंतु,/ ऐसा नहीं हुआ न! विशिष्ट अतिथि के रूप में सादुलशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण सहगल ने स्वीकार किया कि साहित्य का उन पर बहुत कर्ज है। वे यह कर्ज कभी उतार भी नहीं पाएंगे। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज की पीढ़ी साहित्य पढने से दूर होती जा रही है। हमें इस दिशा में प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी एवं सृजन के संरक्षक विजयकुमार गोयल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में स्त्री को बराबरी का दर्जा मिलता है। यहां स्त्री का पूरा सम्मान है। उन्होंने कहा कि साहित्य के लिए यहां के लोग सजगता से काम कर रहे हैं, यह हमारे लिए खुशी की बात है।

इससे पहले, सृजन के सचिव कृष्णकुमार 'आशु' ने अनुपमा तिवाड़ी का परिचय दिया। संचालन अरुण 'उर्मेश' ने किया। आभार अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' ने व्यक्त किया। इस मौके पर राजू गोस्वामी, बनवारीलाल वर्मा, आनंद मायासुत, राकेश जग्गा, सुरेश कनवाडि?ा, हरविंद्रसिंह, अरुण खामख्वाह, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, डॉ. ओपी तिवाड़ी, मोहन दादरवाल, श्रीकृष्ण जालप, सुरेंद्र सुंदरम्, राजकुमार सिंगल, मनीराम सेतिया, ओमाराम बैगड़, सुमन कटारिया, सुषमा गुप्ता, आशाराम भार्गव एवं सुशीला पेंसिया सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

# पुलिस को देख भागा तस्कर काबू

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** जलालाबाद में पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिससे हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक पुलिस पार्टी गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जलालाबाद सिटी थाना प्रभारी सचिन कंबोज ने बताया कि पुलिस पार्टी साथी कर्मचारियों के साथ गश्त पर थी। गांव टीवाना कलां के नजदीक एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देख घबरा गया और मौके से भागने लगा। लेकिन पुलिस ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया द्य जिसकी चेकिंग की गई तो उसके पास मौजूद लिफाफे में से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरिंदर सिंह उर्फ जिंदा निवासी टिवाना कलां जलालाबाद के रूप में हुई है द्य थाना प्रभारी सचिन कंबोज का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों पर पहले भी लड़ाई झगड़ा और एनडीपीएस के करीब 6 मुकदमे दर्ज हैं।

# श्रीराम कथा का भव्य आयोजन जारी



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 25 जनवरी से 31 जनवरी तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन अमर पैलेस, गगन पथ रोड, श्री गंगानगर में किया जा रहा है। कथा की व्यवस्था को लेकर संस्थान के शंकर कॉलोनी श्रीगंगानगर स्थित स्थाई आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम किया गया जिसमें सारी संगत को श्री राम कथा का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया एवं श्री राम कथा में अलग-अलग सेवाएं सौंपी गई। स्वामी धीरानंद जी ने बताया की दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए श्रीगंगानगर में अनेक प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता रहता है। स्वामी जी ने सभी को प्रभु श्री राम की भक्ति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के दौरान साध्वी सोनिया भारती और साध्वी रवनीत भारती ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे भजन का गायन किया जिस पर सभी श्रद्धालु झूमने लगे। स्वामी जी ने बताया की कथा के उपलक्ष्य में 24 जनवरी को सुबह 10ः00 बजे एल.ब्लॉक श्री हनुमान मंदिर से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल अमर पैलेस पहुंचेगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692